गुरुवार, 7 अगस्त 2025

मौसम

तापमान 26 – 30
आर्द्रता 84%
सूर्योदय: 5:10 सूर्यास्त: 18:15

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



भारत ने पिछले 11 वर्षों में पारदर्शी, संवेदनशील शासन मॉडल देखा है: प्रधानमंत्री मोदी पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : इंसान के लिए दो चीजें खास हैं ईश्वर का डर और ईश्वर का दर।

# ट्रंप को रास नहीं आई भारत-रूस की दोस्ती!

## भारतीय उत्पादों पर लगाया 25% अतिरिक्त शुल्क, कुल टैक्स 50%



**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीद जारी रखने पर बुधवार को भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। ट्रंप ने पिछले सप्ताह ही 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने ने इस शुल्क के लागू होने से चंद घंटे पहले अतिरिक्त शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इस आदेश के बाद कुछ छूट प्राप्त वस्तुओं को छोड़कर, भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। प्रारंभिक शुल्क सात अगस्त से प्रभावी होगा जबकि अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद लागू होगा। ट्रंप ने मंगलवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह रूस से तेल एवं गैस खरीदने के लिए भारत पर 24 घंटे में भारी शुल्क की घोषणा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस इस तेल बिक्री से हासिल राशि का इस्तेमाल कर रहा है जबकि भारत सस्ता तेल पाने के लिए इस पहलू पर ध्यान नहीं दे रहा है।

### क्या होगा भारत पर असर

ट्रंप के इस टैरिफ ऐलान पर फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस के सीईओ और डीजी अजय सहाय ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर जो अतिरिक्त 25 फीसदी रिसिप्रोकल टैरिफ लगाया उसके बाद अब भारत पर यह टैरिफ 50 फीसदी हो गया है। इसका भारत के एक्सपोर्ट सेक्टर पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय एक्सपोर्टरों के लिए इस अतिरिक्त बोझ को उठाना बहुत मुश्किल होगा।

### भारत अपने हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** भारत ने भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) लगाने के अमेरिका के कदम को बुधवार को अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण करार दिया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। बयान में कहा गया है, हम दोहराते हैं कि यह कदम अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण हैं। इसमें कहा गया है कि अमेरिका ने हाल के दिनों में रूस से भारत के तेल आयात को निशाना बनाया है। मंत्रालय ने कहा, हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारा आयात बाजार कारकों पर आधारित है और भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किया जाता है। जिन वस्तुओं को बढ़े हुए अमेरिकी शुल्क का खामियाजा भुगतना पड़ेगा, उनमें वस्त्र/परिधान, रत्न एवं आभूषण, झींगा, चमड़ा एवं जूते, पशु उत्पाद, रसायन तथा विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी शामिल हैं। वहीं, छूट प्राप्त वस्तुएं, जो उच्च शुल्क के अधीन नहीं होंगी, उनमें फार्मास्यूटिकल; ऊर्जा उत्पाद जैसे कच्चा तेल, परिष्कृत ईंधन, प्राकृतिक गैस, कोयला और बिजली; महत्वपूर्ण खनिज; इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर आदि शामिल हैं।

### वैश्विक वृद्धि में भारत का योगदान अमेरिका से कहीं अधिक: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई :** भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'बहुत अच्छा' प्रदर्शन कर रही है और वैश्विक वृद्धि में अमेरिका से कहीं अधिक योगदान दे रही है। मल्होत्रा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि वैश्विक वृद्धि दर तीन प्रतिशत रहने का अनुमान है। मल्होत्रा ने यहां द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हम वैश्विक वृद्धि में करीब 18 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं, जो करीब 11 प्रतिशत योगदान देने वाले अमेरिका से कहीं अधिक है।''

### आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया कोई बदलाव, लोन और ईएमआई पर नहीं मिलेगा फायदा

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया। नीति निर्माता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों से उत्पन्न जोखिमों और उच्च शुल्क की आशंका से जुड़ी अनिश्चितताओं का फिलहाल आकलन कर रहे हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाले छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय किया। इसके साथ ही आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को भी तटस्थ बनाये रखा है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा।

### हिंदू धर्म विविधता को स्वीकार करने की शिक्षा देता है, दुनिया को इसकी जरूरत है : भागवत



**नागपुर (महाराष्ट्र) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि आज के संघर्षग्रस्त विश्व को हिंदू धर्म की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक सार्वभौमिक धर्म है, जो विविधता को स्वीकार करने की शिक्षा देता है। भागवत ने यहां धर्म जागरण न्यास के नये भवन के उद्घाटन के अवसर पर कहा, ''आज सम्पूर्ण विश्व को इसी 'धर्म' की आवश्यकता है। विश्व अपनी विविधताओं को स्वीकार करते हुए जीना नहीं जानता, इसीलिए इतने संघर्ष हो रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि भारतीयों के लिए 'धर्म' एक परम सत्य है। उन्होंने कहा, ''यह धर्म एकता और सभी विविधताओं को स्वीकार करना सिखाता है। हम सभी विविधताओं को स्वीकार करते हैं। हम इसलिए अलग नहीं हैं, क्योंकि हम विविध हैं, यह धर्म यही हमें सिखाता है।'' आरएसएस प्रमुख ने कहा कि यह एक सार्वभौमिक धर्म है, लेकिन चूंकि हिंदुओं ने इसे सबसे पहले खोजा था, इसलिए इसे हिंदू धर्म कहा जाने लगा। उन्होंने कहा, ''अन्यथा, हिंदू धर्म प्रकृति का धर्म है, एक सार्वभौमिक पंथ है, मानवता का धर्म है। प्रत्येक हृदय को इस धर्म से जागृत होना चाहिए।'' भागवत ने कहा कि धर्म का कर्तव्य केवल ईश्वर के प्रति ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति भी होता है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस महीने के अंत में चीन के दौरे की संभावना

**नयी दिल्ली :** सात वर्षों के अंतराल के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस महीने के अंत में चीन की यात्रा कर सकते हैं। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। योजना के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 29 अगस्त के आसपास जापान की यात्रा पर जाएंगे और यात्रा के समापन के बाद, वह 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन के उत्तरी शहर तियानजिन जाएंगे। मोदी की चीन यात्रा की योजना दोनों पक्षों द्वारा अपने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के प्रयासों के बीच बनाई जा रही है। जून 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच घातक झड़पों के बाद दोनों देशों के बीच गंभीर तनाव पैदा हो गया था। मोदी की जापान और चीन की यात्रा की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह यात्रा 29 अगस्त से एक सितंबर तक होने की संभावना है। मोदी की चीन यात्रा से पहले, ऐसा माना जा रहा है कि चीनी विदेश मंत्री वांग यी सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि वार्ता के अगले दौर के लिए भारत की यात्रा करेंगे।

### एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट सर्विस 1 अक्टूबर से पूरी तरह होगी शुरू

**नयी दिल्ली :** अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद एयर इंडिया के विमानों का परिचालन बुरी तरह से प्रभावित हुआ था। हालांकि अब धीरे-धीरे एयर इंडिया के विमानों की आवाजाही सामान्य होती जा रही है। इस बीच बुधवार को एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया के उएज कैंपबेल विल्सन ने एक बयान में बताया कि 1 अक्टूबर से एयर इंडिया के सभी इंटरनेशनल फ्लाइडों की आवाजाही पूरी तरीके से शुरू हो जाएगी।

### बोर्ड परीक्षा: 75% उपस्थिति अनिवार्य – सीबीएसई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूलों को बोर्ड परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है । सीबीएसई परीक्षा उपनियमों के अनुसार, बोर्ड परीक्षाओं में बैठने के लिए छात्रों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। बोर्ड केवल चिकित्सा आपात स्थिति, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में भागीदारी और अन्य गंभीर कारणों जैसी आपात स्थितियों में आवश्यक दस्तावेजों या रिकॉर्ड के साथ, 25 प्रतिशत की छूट प्रदान करता है। बोर्ड के निर्देश में कहा गया है कि यदि कोई विद्यार्थी चिकित्सा या किसी अन्य कारण से छुट्टी पर है, तो उसे छुट्टी लेते समय उचित चिकित्सा और अन्य दस्ता-वेजों के साथ, स्कूल में अवकाश के लिए आवेदन करना होगा।

## ममता बनर्जी का स्पष्ट संदेश: निर्वाचन आयोग चाहे जो करे, अधिकारी निलंबित नहीं होंगे



**झाड़ग्राम :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग द्वारा निलंबित अधिकारियों के साथ राज्य सरकार के खड़े होने का संकल्प जताते हुए बुधवार को आयोग पर हमला बोला और उसके कदम की वैधता पर सवाल उठाया। उन्होंने आयोग पर भाजपा के 'बंधुआ मजदूरों' की तरह काम करने का आरोप लगाया। झारग्राम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की अनुचित कार्रवाई 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले राज्य के कर्मचारियों को आतंकित करने का एक प्रयास है। बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार अपने अधिकारियों के साथ खड़ी रहेगी और उन्हें निलंबित नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि गत मंगलवार को राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों को नोटिस भेजकर निलंबित कर दिया गया। अभी तो चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। किस कानून के तहत ऐसा किया जा सकता है? वे तो यहां तक कह रहे हैं कि प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। मैं सरकारी कर्मचारियों से कहना चाहती हूं, डरो मत। ऐसा नहीं होगा। मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। ममता ने कहा कि हम आपको निलंबित नहीं करेंगे, हम आपकी सुरक्षा करेंगे। मैं आपकी पहरेदार बनी रहूंगी। तृणमूल सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रहा है और 2026 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए मतदाता सूची में छेड़छाड़ की बुनियाद तैयार कर रहा है। ममता ने कहा कि वे (निर्वाचन आयोग) भाजपा के बंधुआ मजदूरों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। वे अमित शाह के एजेंट बनकर कुर्सियों पर बैठे हैं। आप संविधान के लिए काम कर रहे हैं या भाजपा के लिए? गृह मंत्री को लगता है कि वे जो कहेंगे वही होगा और सभी को आंख मूंदकर उसका पालन करना होगा, लेकिन यह गुजरात नहीं, बंगाल है।

**'सबसे पहले अमित शाह जन्म प्रमाण पत्र दिखाएं'**

झाड़ग्राम में एक रैली में एसआईआर व एमआरसी की आलोचना करते हुए ममता ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ही सबसे पहले उनका जन्म प्रमाण पत्र दिखाने की चुनौती दे दी। उक्त रैली में ममता ने कतिथ तौर पर एनआरसी के डर से आत्महत्याओं की खबरों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लोग पहले से ही डर के मारे आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकता प्रमाण पत्र की मांग की वैधता पर सवाल उठाया और भाजपा नेतृत्व को चुनौती देते हुए कहा कि क्या भाजपा नेताओं के पास खुद जन्म प्रमाण पत्र हैं? उन्हें दूसरों की पहचान पर सवाल उठाने का क्या अधिकार है? ममता ने कहा कि अमित शाह, पहले मुझे अपना जन्म प्रमाण पत्र दिखाएं।

### जब तक मैं न चाहू तुम मुझे हरा नहीं सकते : ममता बनर्जी की भाजपा को चुनौती

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के सामने चुनौती पेश करते हुए कहा, ''आप मुझे तब तक नहीं हरा सकते जब तक मैं आपको ऐसा करने की अनुमति नहीं देती।'' तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने हालांकि इस दौरान भाजपा का नाम नहीं लिया। झारग्राम के पंचमाथा मोड़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह एक बाघिन हैं और किसी को भी उन्हें घायल करने का प्रयास करने और उन्हें 'खतरनाक' बनाने का जोखिम उठाने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को चेतावनी दी कि वे उन्हें कम न आंके, तथा स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। राजनीति के दौरान पूर्व की हुई घटनाओं का स्पष्ट रूप से संदर्भ देते हुए बनर्जी ने कहा कि वह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की गोलियों से बच गयीं। उन्होंने कहा, ''मेरा सिर फोड़ दिया गया था, मेरा शरीर खून से लथपथ हो गया था। मैं डरी नहीं। मैं एक जिंदा शेरनी हूं। मुझे घायल करने की कोशिश मत करो, मैं खतरनाक हो जाऊंगी।''

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

Suffering from hip or Knee pain?
Ask Dr. Santosh

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये –डॉ संतोष कुमार

**प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?**
**डॉ. कुमार:** आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।

**प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?**
**डॉ. कुमार:** विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?**
**डॉ. कुमार:** जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?**
**डॉ. कुमार:** जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।



Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

**प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?**
**डॉ कुमार:** अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।

**प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?**
**डॉ. कुमार:** बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।

**प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?**
**डॉ. कुमार:** बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।

**प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?**
**डॉ कुमार:** सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।


**प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?**
**डॉ कुमार:** हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।

**प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?**
**डॉ कुमार:** अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्कांटिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।

इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।

**प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?**
**डॉ. कुमार:** सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लॉंजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है**
**डॉ. कुमार:** अच्छी तरह से जॉइंट




**प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?**
**डॉ. कुमार:** फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और

रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।

Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years



Ram Naresh Jaiswal M: 9830913810
Dinesh Timber Co.
Dealers :
All types of Timber, Plywood, Shuttering Woods & Shuttering Plywood.
19, Orphangunge Road, Kolkata-700023(Near Taj Bengal Hotel)
Phone: 033 2479 3089 E-mail: timberply@hotmail.com

## पहाड़ों के विकास मॉडल पर हो पुनर्विचार

मानसून की दस्तक के साथ ही हिमाचल व उत्तराखंड में दरकते पहाड़ व रौद्र रूप दिखाती नदियां चिंता बढ़ाने वाली हैं। कुदरत के कहर के सामने इंसान बौना ही नजर आता है। तमाम मुख्य नदियां उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें ठप पड़ी हैं। हिमाचल में मूसलाधार बारिश के बीच मलबा व पत्थर गिरने से सैकड़ों सड़कें बंद हो गई हैं। सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहले हम गर्मी से त्रस्त होकर बारिश की आस लगाए होते हैं, लेकिन जब बारिश आती है तो स्थितियां डराने वाली हो जाती हैं। निस्संदेह ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। बारिश कम समय में ज्यादा मात्रा में बरसती है। जिससे न केवल पहाड़ों में कटाव बढ़ जाता है बल्कि पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा गिरकर रास्तों व पानी के प्राकृतिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलसिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं। नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। पहाड़ों के किनारे काटने से भूस्खलन की गति तेज हुई है। गाहे-बगाहे पहाड़ों का मलबा सड़कों पर गिरकर यातायात को अवरुद्ध कर देता है। यात्रियों के जीवन पर हर समय संकट बना रहता है।

हिमाचल की ही तरह से कुदरत के कोहराम से उत्तराखंड भी बुरी तरह त्रस्त है। भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी व पिंडर आदि नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर मलबा गिरने की घटनाएं बढ़ने से यात्रा कुछ समय के लिये स्थगित की गई है। बार-बार भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों के कटने से सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। कई गांवों को जोड़ने वाली सड़कें बह गई हैं। बादल फटने की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री जाने वाले मार्ग जगह-जगह बाधित हैं। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टियां घोषित की गई हैं। सामान्य जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई मोटरमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हुए हैं। कई छोटे पुल बह गए हैं। कई निचले स्थानों से लोगों को हटाया गया है। कुल मिलाकर लाखों लोगों को अतिवृष्टि ने बंधक बना दिया है। निश्चित रूप से तेज बारिश और उसके प्रभाव इंसानी नियंत्रण से बाहर होते हैं। लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी इलाकों में विकास के मॉडल पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। पहाड़ अध्यात्म के केंद्र भी रहे हैं, उन्हें पर्यटकों की विलसिता का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। हमें अपेक्षाकृत नये हिमालयी पहाड़ों और उसके परिस्थितिकीय तंत्र के प्रति संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। ज्यादा मानवीय हस्तक्षेप से ग्लेशियर पिघल रहे हैं और नदियों का बढ़ा जल संकट का कारण भी बन रहा है।

## मां विंध्यवासिनी का 11 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मदिन समारोह

**मर्जापुर: हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री विंध्यवासिनी आराधना केंद्र, विंध्याचल के बैनर तले मां विंध्यवासिनी का जन्मदिन समारोह आगामी सोमवार, 11 अगस्त को पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक (राजन पाठक) ने बताया कि यह आयोजन संस्था द्वारा पिछले 55 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर से प्रसिद्ध जागरण कलाकार, जैसे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु और अन्य राज्यों से आकर संध्या पश्चात अपनी भक्ति-पूर्ण प्रस्तुति देंगे, जो रात्रि भर चलेगी। समारोह में वृहद श्रृंगार, पूजन-पाठ, प्रसाद वितरण और अखिल भारतीय संगीत समारोह का आयोजन भी होगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय संगीतज्ञ भी भाग लेंगे। यह समारोह रक्षाबंधन के अगले दिन, अर्थात भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वितीया तिथि को परंपरा अनुसार मनाया जाता है। संस्था को विगत वर्षों में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से प्रशंसा-पत्र भी प्राप्त हो चुके हैं। श्रद्धालु भक्त इस आयोजन में तन, मन और धन से सहयोग कर इसे भव्य बनाते हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 अगस्त, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 14:23 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 13:49 तक, योग : विष्कंभ, 06:41 तक, सूर्योदयः 5:10, सूर्यास्तः 18:15, चन्द्रोदय : 16:58, चन्द्रास्तः 02:50, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 13:19 से 14:56

## राशिफल

**मेष :** कामकाज के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में पूरी जोश और उत्साह के साथ काम करेंगे और इसी के चलते किसी नए प्रोजेक्ट को संभालने का अवसर भी प्राप्त हो सकता है।

**वृष :** कार्यक्षेत्र में आप अपने कामकाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने और उन्हें पूरा करने प्रयास में लगे रहेंगे। इसमें आपको सफलता भी जरूर प्राप्त होगी।

**मिथुन :** आपका दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। अगर आप करियर में बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो अभी का समय इसके लिए अनुकूल नहीं है।

**कर्क :** आज का दिन कारोबार के मामले में अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई नया प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, जिससे आपका सारा ध्यान उसी तरफ रहेगा।

**सिंह :** अगर कार्यक्षेत्र में आपके कुछ जरूरी काम अधूरे पड़े हैं, तो उन्हें अब पूरा करने की जरूरत हो सकती है। इसी के चलते आपका दिन भागदौड़ भरा भी रहने वाला है।

**कन्या :** आपका दिन अच्छा रहने वाला है। लेकिन इसके लिए योजना बनाकर हर कार्य करना बेहतर होगा। कार्यक्षेत्र में पूरी लगन और मेहनत से काम करने से जरूरी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

**तुला :** व्यापार के मामले में आपको कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना होगा, अन्यथा नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में भी सावधानी बरतने की जरूरत है।

**वृश्चिक :** व्यापार के मामले में परिस्थिति को बेहतर बनाने के लिए आपको अपने काम करने के तरीके में बदलाव लाने की जरूरत होगी। आपको ज्यादा पैसों की तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**धनु :** कारोबार के मामले में दिन मिलाजुला रहेगा। आपको लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत करनी पड़ सकती है और किसी भी प्रकार के निवेश में सावधानी बरतनी जरूरी होगी।

**मकर :** आपको अपने हर कार्य को पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। साथ ही, व्यापार में भी सोच-समझकर फैसले लेने होंगे। कार्यस्थल पर कोई खराबी भी दूर होगी।

**कुम्भ :** आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से काम सही ढंग से नहीं चल रहा था, तो अब उसमें सुधार आ सकता है, जिससे तनाव भी थोड़ा कम होगा।

**मीन :** कार्यक्षेत्र में आपको विपरीत परिस्थितियां देखने को मिल सकती हैं, जिससे मन परेशान रहेगा और तनाव भी बढ़ सकता है। आर्थिक मामलों में खर्च बढ़ने की संभावना है।

# तुष्टीकरण से सरकार चलाने वाले आज न घर के रहे, न घाट के: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




### समाज की जागरुकता से कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कोशिशें हुईं नाकाम

**मुरादाबाद :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए बुधवार को कहा कि जो लोग तुष्टीकरण की राजनीति करके सत्ता में आए थे, ''वे आज न घर के हैं न घाट के।'' मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में 79 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की योजनाएं तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण पर आधारित हैं जो बिना भेदभाव के हर व्यक्ति तक पहुंचती हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, ''एक दौर था जब तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों के लिए सत्ता केवल एक दुकान थी। उन्होंने शिक्षा को नकल, अराजकता और जातिवाद का अड्डा बना दिया था। लेकिन आज वही लोग संतुष्टीकरण को लेकर परेशान हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमारी सरकार तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण के मार्ग पर चलती है। इसीलिए जनता का विश्वास आज भाजपा के साथ है।'' उन्होंने कहा, जो लोग तुष्टीकरण की राजनीति करके सत्ता में आए थे, वे आज न घर के हैं न घाट के। ऐसे लोग न तो समाज के साथ खड़े हो पाए, न ही भविष्य की पीढ़ी के साथ। समाजवादी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी को 'पीडीए' की अचानक चिंता सताने लगी है, जबकि अतीत में उन्हीं की सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में किस प्रकार का व्यवहार हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है।

### 18 से अधिक मामलों में वांछित आरोपी पटना में मुठभेड़ के दौरान घायल

**पटना :** पटना के फुलवारी शरीफ इलाके में बुधवार सुबह पुलिस वैन से पुलिसकर्मी का हथियार छीनकर भागने की कोशिश करते समय एक आरोपी पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि वह तीन राज्यों में 18 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित था। रौशन शर्मा बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में दर्ज 18 से ज्यादा मामलों में आरोपी है। पटना के एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि उसे उसके अन्य साथियों को पकड़ने के लिए पुलिस वाहन में ले जाया जा रहा था, तभी उसने एक पुलिसकर्मी का हथियार छीनकर भागने की कोशिश की। एसएसपी ने कहा, ''लेकिन पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।''

### झारखंड: 65 वर्षीय व्यक्ति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (झारखंड) :** झारखंड के पलामू जिले में कथित तौर पर छेड़छाड़ करने पर 65-वर्षीय एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के आरोप में बुधवार को एक महिला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार को छतरपुर थाना क्षेत्र के लोटो गांव में हुई। पुलिस ने एक बयान में कहा कि मृतक के परिवार द्वारा बुधवार को दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर महिला को गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया है कि पूछताछ के दौरान, महिला ने बताया कि मंगलवार को जब वह पास के जंगल में जलाने वाली लकड़ी इकट्ठा करने गई थी, तब एक व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ की, जिसके बाद गुस्से में उसने यह कदम उठाया।

### पटना में नेपाल की महिला का यौन उत्पीड़न, जांच जारी

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में हवाई अड्डे के पास एक बस चालक ने एक नेपाली महिला का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि महिला ने कथित घटना के सिलसिले में हवाईअड्डा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पटना (मध्य) की पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीक्षा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, नेपाल की रहने वाली महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि सोमवार रात बिहार सैन्य पुलिस कार्यालय के पास एक बस चालक ने उसका यौन उत्पीड़न किया।

## राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत



**जयपुर :** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में बुधवार दोपहर बाद सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह हादसा मांडलगढ़-चित्तौड़गढ़ राजमार्ग पर भारजी का खेड़ा गांव के पास उस समय हुआ जब तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दोपहिया वाहन पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मांडलगढ़ थाने के सहायक उपनिरीक्षक राम सिंह ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक का चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि वाहन को जब्त कर लिया गया है और मृतकों की पहचान अभी नहीं हुई है।

### कृष्ण जन्मभूमि मामले में एक वाद को प्रतिनिधि वाद घोषित करने संबंधी आदेश को रद्द करने की मांग

**प्रयागराज :** मथुरा में स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद में हाल के आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक आवेदन दाखिल किया गया है। वाद संख्या सात में कौशल किशोर ठाकुर की ओर से दाखिल इस याचिका में कहा गया है कि उच्च न्यायालय द्वारा 18 जुलाई को दिया गया आदेश गलत है जिसमें भगवान कृष्ण विराजमान (वाद संख्या 17) को सभी हिंदू पक्षकारों और भगवान कृष्ण विराजमान के प्रतिनिधि के तौर पर माना गया है। इसमें कहा गया है कि वाद संख्या 17 तब दायर किया गया जब मथुरा के ये सभी मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित किए गए थे और इन्हें संलग्न करने का आदेश दिया गया था।

## 'पनीर' और 'देसी घी' में सबसे ज्यादा मिलावट : स्वास्थ्य मंत्री



**चंडीगढ़ :** पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने एकत्र किए गए नमूनों के परिणामों का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि 'पनीर' और 'देसी घी' में सबसे अधिक मिलावट पाई गयी है। मंत्री ने लोगों को सलाह दी कि वे इन वस्तुओं को ज्ञात स्रोतों से खरीदें या घर पर ही बनाएं। एकत्र किए गए नमूनों के परिणामों का विवरण साझा करते हुए मंत्री ने कहा कि 'पनीर' के 531 नमूनों में से 196 नमूने घटिया गुणवत्ता वाले पाए गए और 59 नमूने खाने के लिहाज से असुरक्षित थे। सिंह ने कहा, ''पनीर और 'देसी घी' में सबसे ज्यादा मिलावट है।'' उन्होंने कहा कि असुरक्षित पनीर के नमूनों के परिणाम बताते हैं कि इन्हें बनाने में 'स्टार्च' या कुछ रसायनों का इस्तेमाल किया गया था। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी नियमित रूप से घटिया पनीर मिलने पर कार्रवाई करते हैं और उसे नष्ट कर देते हैं। 'देसी घी' के संबंध में मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों ने 222 नमूने लिए जिनमें से 20 घटिया गुणवत्ता के थे और 28 खाने के लिहाज से असुरक्षित थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग मिलावटी सामान बनाने में संलिप्त हैं और यह अपराध है। सिंह ने लोगों को सलाह दी कि वे 'पनीर' और 'देसी घी' वेरका (सहकारी दुग्ध महासंघ मिल्कफेड का ब्रांड) जैसे ज्ञात स्रोतों से खरीदें या दूध से बनने वाले इन उत्पादों को अपने घर पर ही बनाएं। मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में असुरक्षित उत्पाद, विशेष रूप से 'पनीर' और 'देसी घी' बनाने के लिए लगभग 145 लोगों को दोषी ठहराया गया और छह महीने कैद की सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि 'हल्दी' और 'देगी मिर्च' जैसे 'मसालों' में भी मिलावट पाई गई है।

## बिना बताए पुल का उद्घाटन किए जाने से अधिकारियों पर भड़के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र में बगैर जानकारी दिये एक पुल का कथित तौर पर उद्घाटन किए जाने को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बेहद नाराज हो गये और कहा कि वह इसकी शिकायत 'ऊपर' तक करेंगे। बलिया नगर विधायक ने आधी रात के आसपास कटहरनाला पर बने पुल का दौरा किया। दरअसल, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को जानकारी मिली थी कि उनको बताये बगैर कटहरनाला में नव निर्मित पुल को आवागमन के लिए खोल दिया गया है। इससे तमतमाए मंत्री मंगलवार रात करीब 12 बजे संवाददाताओं के साथ बलिया शहर के कटहरनाला पहुंच गए और वहां मौजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर बिफर पड़े। उन्होंने मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को जमकर खरी-खोटी सुनाई। परिवहन मंत्री ने कहा, ''दिमाग खराब न हो। यहां का विधायक और मिनिस्टर मैं हूं। हम लोगों को बता नहीं रहे हो और (पुल) खुलवा दे रहे हो। तुम किसकी ओर से चल रहे हो, समझ रहा हूं। तुमने पुल खोलने की सूचना क्यों नहीं दी, जबकि मैं शहर में हूं? जान बूझकर तुम लोग ऐसा कर रहे हो।'' सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर रसड़ा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक उमाशंकर सिंह के इशारों पर चलने का परोक्ष रूप से आरोप लगाते हुए अधिकारी से कहा, ''तुम यहां से चुनाव लड़ने वाले हो क्या? बसपा टिकट देने वाली है क्या? हो सकता है कि विधायक जी टिकट दिलवा रहे हों।''

## बिहार के समस्तीपुर में 'डोनाल्ड ट्रंप' का आवासीय प्रमाण-पत्र बनाने के लिए किया गया आवेदन

**समस्तीपुर :** बिहार के समस्तीपुर जिले में 'डोनाल्ड ट्रंप' का आवासीय प्रमाण-पत्र बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया, जिसे राजस्व विभाग ने खारिज कर दिया। जिला प्रशासन ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है, ताकि शरारत करने वाले व्यक्ति का पता लगाकर उसे गिरफ्तार किया जा सके। एक बयान में प्रशासन ने कहा कि आवासीय प्रमाण-पत्र के लिए 29 जुलाई को ऑनलाइन माध्यम से आ-वेदन किया गया था और राजस्व विभाग के संबद्ध अधिकारी ने ''इसे चार अगस्त को खारिज कर दिया।'' आवेदन में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की तस्वीर के साथ उन्हें जिले के हसनपुर गांव का निवासी बताया गया था। ऐसा लगता है कि शरारत करने वाले ने इंटरनेट पर थोड़ी खोजबीन की थी, क्योंकि माता-पिता का नाम फ्रेडरिक क्राइस्ट ट्रंप और मैरी ऐनी मैकलियोड बताया गया था, जो अमेरिकी राष्ट्रपति के क्रमशः पिता और माता हैं। प्रशासन ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को बदनाम करने के लिए यह किया गया। जून में निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की व्यापक कवायद शुरू किये जाने के बाद से राज्य में इस तरह की यह चौथी घटना है। हाल में, ग्रामीण पटना और नवादा में क्रमशः 'डॉग बाबू' और 'डॉगेश बाबू' नाम से आवेदन प्राप्त हुए थे। पूर्वी चंपारण जिले में, एक भोजपुरी अभिनेत्री की तस्वीर के साथ 'सोनालिका ट्रैक्टर' के नाम से एक आवेदन प्राप्त हुआ था।

## झारखंड में लिव-इन में रह रहे युवक-युवती के शव पेड़ से लटके मिले



**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में बुधवार को एक युवक और युवती के शव पेड़ से लटके हुए पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों लिव-इन संबंध में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, जामिनी सिंह (24) और बसंती सिंह (20) के शव पटमदा थाना क्षेत्र के पोकलाबेड़ा गांव के पास जंगल में एक नीम के पेड़ से लटके हुए मिले। यह स्थान जमशेदपुर से लगभग 30 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, बसंती की शादी हो चुकी थी, लेकिन उसने अपने पति को छोड़ दिया था और पिछले तीन महीनों से जामिनी के साथ रह रही थी। जामिनी दिहाड़ी मजदूर था।

## बिहार: अमित शाह आठ अगस्त को सीतामढ़ी में जानकी मंदिर के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे

**पटना :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आठ अगस्त को बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में जानकी मंदिर के पुनर्विकास से जुड़ी परियोजना की आधारशिला रखेंगे, जिसे देवी सीता का जन्मस्थान माना जाता है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 882.87 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस परियोजना के शिलान्यास समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कई केंद्रीय मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के प्रवक्ता नीरज कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आठ अगस्त को सीतामढ़ी के पुनौराधाम में 'जानकी मंदिर' के पुनर्विकास से जुड़ी परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह बिहार के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा। कुमार ने कहा, मंत्रोच्चार के बीच 67 एकड़ में फैले भव्य मंदिर के पुनर्विकास संबंधी परियोजना की आधारशिला रखी जाएगी। राज्य पर्यटन विभाग ने इस परियोजना की तैयारी शुरू कर दी है, जिसके 11 महीने के भीतर पूरा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री शुक्रवार सुबह दरभंगा पहुंचेंगे और वहां से सीतामढ़ी के लिए रवाना होंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने एक जुलाई को मंदिर परिसर के एकीकृत विकास के लिए 882.87 करोड़ रुपये मंजूर किए थे।

## जयपुर के चिकित्सकों ने 'इलेक्ट्रोसर्जरी' से महिला का हृदय वाल्व बदला

**जयपुर :** जयपुर के एक अस्पताल में 'इलेक्ट्रोसर्जरी' से एक महिला के हृदय वाल्व को बदला गया है और चिकित्सकों का दावा है कि यह देश में अपनी तरह का पहला मामला है। अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान अस्पताल (आरएचएल) के चिकित्सकों ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर निवासी 74 वर्षीय महिला की 'इलेक्ट्रोसर्जिकल वाल्व-इन-वाल्व माइट्रल' प्रक्रिया सफलतापूर्वक की है। 'इलेक्ट्रोसर्जरी' एक आधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीक है जिसमें उच्च आवृत्ति वाली विद्युत धारा का उपयोग करके शरीर के ऊतकों को काटा जाता है या नष्ट किया जाता है। उन्होंने बताया कि महिला की पहले 'डुअल वाल्व' प्रतिस्थापन के लिए 'ओपन-हार्ट' सर्जरी हुई थी और 'माइट्रल वाल्व' में खराबी के कारण उन्हें फिर से दिक्कत हो रही थी। अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार 'माइट्रल वाल्व' हृदय के चार वाल्व में से एक है और हृदय के बाएं आलिंद और बाएं निलय के बीच स्थित होता है। यह रक्त को बाएं आलिंद से बाएं निलय में निर्देशित करता है। अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर और दिल्ली के चिकित्सकों ने मरीज की उम्र और नाजुक स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए पारंपरिक सर्जरी से इनकार कर दिया और इसके बाद परिवार ने इलाज के लिए जयपुर के अस्पताल का रुख किया, जहां सर्जरी की गई। आरएचएल हार्ट सेंटर के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र सिंह राव और उनकी टीम ने एक उन्नत 'इलेक्ट्रोसर्जिकल' तकनीक का उपयोग करके यह ऑपरेशन किया।

### बिहार के कटिहार में भीड़ ने महिला और उसके प्रेमी की पिटाई की, सिर मुंडवाकर घुमाया

**कटिहार :** बिहार के कटिहार ज़िले में एक विवाहित महिला और उसके प्रेमी की बुधवार को भीड़ द्वारा कथित तौर पर पिटाई कर दी गयी, इसके बाद उनके सिर मुंडवा दिए गए, चेहरे काले कर दिए गए, जूतों की माला पहनाई गई और उन्हें घुमाया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना फलका थाना क्षेत्र के रहाटा में हुई जब अंतरधार्मिक जोड़े को अंतरंग होते हुए पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बताया कि दोनों की पहचान शकील (40) और सुनीता (32) के रूप में हुयी है। उन्होंने बताया कि दोनों को भीड़ के चंगुल से बचा लिया गया । उन्होंने कहा, दोनों शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं और वे कुछ समय से रिलेशनशिप में हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3176



➲ **बायें से दायें:-** 2) तिथि, 5) जेब, 7) चौंतरा, 9) नमूना, 11) फ़ौज; छावनी, 13) दाना; कण, 14) मौत को धोखा देना, 15) सीलन, 16) गंभीर; अमिट; गहराईयुक्त, 19) बाज़ी, 20) स्वार्थ; अर्थ, 21) बेक़द्री; मानभंग, 23) मुग्ध होना; प्रेम करना, 25) कपड़े का बना डेरा, 27) यात्रावृत्तांत, 28) बंदूक में रखकर चलाई जानेवाला धातु.

➲ **ऊपर से नीचे:-** 1) घड़ी घड़ी, 2) हँसी-मज़ाक, 3) हुजूम; जनाकीर्णता; भीड़भाड़, 4) शीशी, 6) आदरपूर्वक, 8) खाने-पीने का सामान, 10) अप्रशिक्षित; नौसिखिया, 12) छूट; दलाली, 14) जयपराजयहीनता, 17) उत्तर; समाधान, 18) एक लंबा सरीसृप, 20) भारत का एक घटक राज्य, 21) संयोगवश, 22) सहानुभूति, 24) फ़िल्टर करना, 26) सगाई; तिलक.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | ठौ | ना | ■ | ■ | पा | रि | तो | षि | क |
| गं | ■ | च | ह | क | ना | ■ | ड़ | ■ | स |
| ब | क | ना | ■ | स | ■ | ब | ना | ठ | ना |
| र | मा | ■ | अ | र | विं | द | ■ | स | ■ |
| ■ | ल | च | र | ■ | ■ | ल | ट | क | ना |
| अ | ■ | ■ | मा | शू | का | ना | ■ | ■ | का |
| प | रे | शा | न | ■ | बु | ■ | क | द | म |
| रा | ह | ■ | ■ | बा | ल | बा | ल | ■ | या |
| ध | न | कु | बे | र | ■ | ■ | श | रा | बी |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3133

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 8 | | | | 7 | | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | | 4 | | | | | 2 |
| 3 | | 6 | | | 9 | 5 | 7 | |
| | | | | 7 | | | 1 | |
| 7 | | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | 2 | 3 | | | |
| | | | | | | | 4 | 8 |
| | | 1 | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3132 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 | 8 | 2 |

# एनआरसी लागू करने के लिए बंगालियों को निशाना बना रही भाजपा : ममता

## बंगाली भाषा को बांग्लादेशी बताने पर मुख्यमंत्री ने झाड़ग्राम में निकाला मार्च

**झाड़ग्राम :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा पर मतदाता सूची में गड़बड़ी करके बांग्ला भाषी प्रवासियों को परेशान करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर वास्तविक मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया गया तो वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बंगाल और बंगालियों के प्रति केंद्र सरकार के कथित उत्पीड़न का पर्दाफाश करेंगी। ममता ने कहा कि अगर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार नागरिकता सत्यापन और मतदाता सूची के संशोधन की आड़ में संवेदनशील समुदायों को निशाना बनाने के प्रयास जारी रखती है, तो वह इस मुद्दे को वैश्विक मंच पर ले जाएंगी। उन्होंने कहा कि मैं बाहरी दुनिया से अपने देश के बारे में कभी बात नहीं करती। लेकिन अगर ऐसा ही चलता रहा,



तो मैं चुप नहीं रहूंगी। अगर बंगाल पर अत्याचार हुआ, तो मैं पूरी दुनिया को बताऊंगी कि यह सरकार हमें कैसे प्रताड़ित कर रही है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और विपक्षी दलों के समर्थकों को व्यवस्थित रूप से मताधिकार से वंचित करने के लिए गुपचुप तरीके से एनआरसी की नींव रख रही है। ममता ने कहा कि वे कह रहे हैं कि बांग्ला नाम की कोई भाषा नहीं है। मैं उन्हें दुनिया के सामने बेनकाब कर दूंगी। अगर आप बांग्ला भाषा या बंगाल के लोगों पर हमला करेंगे, तो मैं चुप नहीं रहूंगी।

**❑ 'गिरफ्तार करो या गोली मारो, बंगाली भाषा के लिए लड़ती रहूंगी'**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को झाड़ग्राम में एक बड़ी रैली निकाली। यह रैली देश के अलग-अलग हिस्सों में बंगाली भाषी प्रवासी नागरिकों पर हो रहे कथित हमलों और उनके अपमान के विरोध में थी। ममता ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बंगाली बोलने वाला कोई व्यक्ति बांग्लादेशी कैसे हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बंगाल की भाषा और पहचान पर हमला हुआ तो टीएमसी चुप नहीं बैठेगी। ममता बनर्जी ने जनजातीय बहुल इलाके झाड़ग्राम में करीब 3 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च किया। इस मार्च में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कई वरिष्ठ नेता, सांस्कृतिक हस्तियां और सैकड़ों आम नागरिक शामिल हुए। सभी के हाथों में बैनर और पोस्टर थे जिन पर लिखा था कि 'बंगाल का अपमान सहा नहीं जाएगा' और 'बांग्ला मेरी मां है'। रैली के दौरान ममता ने कहा कि कोई सिर्फ इसलिए बांग्लादेशी कैसे हो सकता है क्योंकि वो बांग्ला बोलता है? ये हमारे आत्म-सम्मान पर हमला है। उन्होंने कहा कि बंगाल की संस्कृति, भाषा और पहचान को दबाने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। साथ ही, ममता बनर्जी ने कहा कि यदि मुझे गिरफ्तार करने या गोली मारने भी आएं, तो भी वे बंगाली भाषा के अपमान के खिलाफ अपना विरोध करती रहेंगी।

# बाढ़ को लेकर तृणमूल सांसद ने डीवीसी और केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली/कोलकाता :** राज्य के कई जिलों में लगातार बारिश और दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) द्वारा छोड़े गए जल के कारण गंभीर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार के बीच एक बार फिर से तीखी राजनीतिक बहस छिड़ गई है। तृणमूल सांसद ऋतब्रत बनर्जी ने जलशक्ति मंत्रालय से चार अहम सवाल पूछे। उन्होंने जानना चाहा कि 18 जून से अब तक डीवीसी ने पश्चिम बंगाल में कुल 27 हजार मिलियन क्यूबिक मीटर जल छोड़ा है, और यदि हां, तो क्या जल छोड़ने से पहले राज्य सरकार से कोई चर्चा की गई थी। यदि चर्चा हुई थी तो उसका विवरण क्या है, और यदि चर्चा नहीं हुई, तो इसके पीछे कारण क्या था। बता दें कि गत मंगलवार को जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने अपने लिखित जवाब में बताया था कि 18 जून से 15 जुलाई के बीच माईथन और पंचेत जलाशयों से कुल 27,987 मिलियन क्यूबिक मीटर जल छोड़ा गया है। यह भी कहा कि जल छोड़ने का निर्णय डीवीसी और उससे संबद्ध समिति द्वारा लिया जाता है, जिसमें केंद्रीय जल आयोग, रिवर मैनेजमेंट विभाग, झारखंड और पश्चिम बंगाल सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। मंत्री ने यह स्पष्ट किया कि डीवीसी, डीवीआरसी के निर्देशों के अनुसार कार्य करता है ताकि बाढ़ नियंत्रण के साथ झारखंड और पश्चिम बंगाल में पेयजल, सिंचाई, परिवहन और औद्योगिक जरूरतों को भी पूरा किया जा सके।

हालांकि, ऋतब्रत बनर्जी केंद्र सरकार के इस उत्तर से असंतुष्ट रहे। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने यह स्पष्ट नहीं किया कि जल छोड़ने से पहले राज्य सरकार से वाकई कोई चर्चा की गई थी या नहीं। सिर्फ यह बताना कि एक समिति है, पर्याप्त नहीं है, क्योंकि समिति का होना और सक्रिय संवाद होना, दोनों अलग बातें हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने जानबूझकर दो महीनों के आंकड़ों के बजाय केवल 28 दिनों का ही जल छोड़े जाने का विवरण दिया है। ऋतब्रत ने कहा कि हमने पूछा था कि कुल कितना जल छोड़ा गया, तो सरकार ने एक महीने की जानकारी दी। जबकि, हकीकत यह है कि जून और जुलाई के दो महीनों में डीवीसी ने कुल 50,287 मिलियन क्यूबिक मीटर जल छोड़ा है। 2023 की तुलना में यह 30 गुना अधिक और 2024 की तुलना में 11 गुना अधिक है। उन्होंने डीवीसी और केंद्र सरकार पर बंगाल को डुबोने की साज़िश का आरोप लगाते हुए कहा कि दक्षिण बंगाल में भारी फसल नुकसान हुआ है। लोग बेघर हो गए हैं। यह पूरी तरह एक 'मानव निर्मित आपदा' है। भाजपा सरकार ने डीवीसी के माध्यम से जल छोड़वाकर बंगाल के खिलाफ षड्यंत्र किया है। लेकिन, 2026 के विधानसभा चुनाव में बंगाल की जनता इसका करारा जवाब देगी।%

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-01,** ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "16-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26-1" निविदा कार्य का विवरण: अन-माउंटिंग & माउंटिंग एलॉन्ग विथ डिसमेंटलिंग, असेम्बिलंग, & ट्रांसपोर्टेशन ऑफ साईड बफर असेंबली एण्ड सेंटर पिवोट असेंबली ईन ऑल टाईप ऑफ कोचेज फॉर 24 मन्थस ऐट मेकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर"। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 68,75,460.12, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 1,37,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: दिनांक 27-08-2025, 11:00 बजे, संविदा की अवधि: 24 माह।

• उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य, यांत्रिक**

मुजाधि/यांत्रिक-52 **कारखाना, गोरखपुर**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# महंगाई भत्ते के बकाये पर सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को लगाई कड़ी फटकार

## 'साहूकारों जैसा व्यवहार कर रही हैं राज्य सरकार'

**नई दिल्ली/कोलकाता :** महंगाई भत्ते के बकाये पर बंगाल सरकार को सुप्रीम फटकार लगी है। सुप्रीम ने बुधवार को साफ कहा कि बंगाल की सरकार पुराने साहूकारों जैसा व्यवहार कर रही है। इस दिन, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) न देने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना की। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने कहा कि राज्य सरकार पुराने ज़माने के साहूकारों की तरह व्यवहार कर रही है, कर्मचारियों का बकाया चुकाने के बजाय पैसा इकट्ठा कर उसे कहीं और खर्च कर रही है। यह टिप्पणी डीए मामले पर चल रही सुनवाई के दौरान आई। मंगलवार को शुरू हुई इस विस्तृत सुनवाई में यह मामला इस बात पर केंद्रित था कि क्या डीए सरकारी कर्मचारियों का कानूनी या मौलिक अधिकार है। मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पश्चिम बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व किया और तर्क दिया कि डीए मौलिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के डीए के दावे को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त नहीं है। न्यायमूर्ति संजय करोल ने राज्य के वकील से कहा



कि आप जितना चाहें उतना डीए दे सकते हैं। लेकिन कृपया दें। अपने मुवक्किल को बताएं। पीठ ने लंबित डीए राशि के भुगतान में सरकार की देरी पर भी सवाल उठाया। इस दिन, सुनवाई के दौरान, कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने अदालत को बताया कि दो अवधियों: 2006 से 2008 और 2019 से 2021, के लिए कोई डीए भुगतान नहीं किया गया। जवाब में, राज्य सरकार ने कहा कि उसके पास वर्तमान में डीए जारी करने के लिए धनराशि उपलब्ध नहीं है। उसने बताया कि राज्य को भारतीय रिजर्व बैंक से धन उधार लेना होगा, जो ऋण जारी करने से पहले उसकी उधार लेने की क्षमता का आकलन करेगा। ऋण प्राप्त करने के बाद, राज्य को कोई भी राशि वितरित करने से पहले विधानसभा में विनियोग विधेयक पारित करना होगा। यह सुनवाई एक बड़े मामले का हिस्सा है जो कर्मचारी मुआवजे के संबंध में राज्य की नीति और वित्तीय दृष्टिकोण को चुनौती देता है। सर्वोच्च न्यायालय दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार कर रहा है ताकि यह तय किया जा सके कि डीए का भुगतान न करना मौजूदा कानूनों के तहत सरकारी कर्मचारियों के अधिकारों का उल्लंघन है या नहीं। मामला अभी विचाराधीन है।

### दो अधिकारियों के निलंबन को लेकर राज्य सरकार को चिट्ठी, चुनाव आयोग से चर्चा की मांग

**कोलकाता :** दो अधिकारियों को राष्ट्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर निलंबित किए जाने को लेकर डब्ल्यूबीसीएस (कार्यकारी) अधिकारी संघ ने गहरी चिंता जताई है। बुधवार को राज्य के मुख्य सचिव को भेजे गए एक पत्र में संगठन ने कहा है कि संबंधित अधिकारियों ने किसी भी तरह की अनियमितता या दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से कार्य नहीं किया और उन्होंने कठिन परिस्थितियों में ईमानदारी और निष्ठा से अपना कर्तव्य निभाया।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 5 अगस्त को चुनाव आयोग द्वारा जिन दो अधिकारियों को निलंबित किया गया है, वह कार्रवाई मतदाता सूची के संशोधन से जुड़े मामलों को लेकर की गई है। हालांकि, संगठन ने यह स्पष्ट किया है कि वह चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता और पारदर्शिता के पक्षधर हैं, लेकिन साथ ही यह भी याद दिलाया है कि किसी भी प्रशासनिक निर्णय को लेते समय कर्मचारी की सेवा-पुस्तिका, ईमानदारी और कार्य-प्रसंग को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

**पत्र में यह भी कहा गया है:** यदि कोई प्रक्रियागत त्रुटि हुई भी हो, तो वह जानबूझकर नहीं की गई थी। इसके बावजूद इतना कठोर कदम उठाना अधिकारियों के मनोबल को चोट पहुंचा रहा है, और यह ऐसे समय में हुआ है जब प्रशासनिक निष्पक्षता की सर्वाधिक आवश्यकता है।

पत्र के अंत में राज्य के मुख्य सचिव से अनुरोध किया गया है कि वह इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से चर्चा करें और निलंबन के आदेशों की पुनर्विचार की मांग करें। संगठन ने कहा, न्याय, सहानुभूति और निष्पक्षता के आधार पर ही कोई निर्णय लिया जाना चाहिए।

सूत्रों के अनुसार, इस पत्र की प्रति चुनाव आयोग को भी भेजी गई है। अब सबकी नजर इस पर टिकी है कि आयोग इस मुद्दे पर क्या कदम उठाता है।

## आरजी कर पीड़िता के माता-पिता के 'नवान्न अभियान' को रोकने के लिए हाई कोर्ट में जनहित याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की महिला जूनियर डॉक्टर से हुई दुष्कर्म और हत्या की पहली बरसी पर उनके माता-पिता द्वारा आयोजित 'नवान्न अभियान' को रोकने के लिए बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई। हावड़ा जिले के एक निवासी, जहां राज्य सचिवालय स्थित है, ने यह याचिका हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति सुजॉय पाल और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे शामिल हैं, के समक्ष दायर की। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि जब भी 'राज्य सचिवालय की ओर मार्च' जैसे कार्यक्रम होते हैं, तब हावड़ा जिले के लोगों, खासकर मंदिरतला इलाके में सचिवालय के पास रहने वालों को भारी असुविधा



का सामना करना पड़ता है। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस दौरान स्थानीय लोगों की आवाजाही, व्यापारिक गतिविधियां और सामान्य दिनचर्या गंभीर रूप से प्रभावित होती हैं। बता दें कि यह मामला अब हाई कोर्ट में दूसरी बार पहुंचा है। इससे पहले हावड़ा जिले के व्यापारियों के एक समूह ने भी इसी तरह की याचिका हाई कोर्ट की सिंगल बेंच में दाखिल की थी। दोनों मामलों में याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि अदालत प्रशासन को आदेश दे कि इस तरह के मार्च से जनता को असुविधा न हो। डिवीजन बेंच ने इस याचिका को स्वीकार कर लिया है और इस पर गुरुवार को सुनवाई होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि यह विरोध मार्च नौ अगस्त को आयोजित होगा, जो इस दर्दनाक घटना की पहली बरसी है। पीड़िता के माता-पिता ने इस मार्च में सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया है, लेकिन स्पष्ट शर्त रखी है कि कोई भी दल अपने पार्टी के झंडे न लाए। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को इस आयोजन से बाहर रखा है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी, जिन्होंने पीड़िता के माता-पिता के साथ मिलकर इस मार्च का विचार सबसे पहले रखा था, ने इस आंदोलन को पूरा समर्थन दिया है।

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सं.: डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-06-25-26 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा); दिनांक 04.08.2025;** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/इंजी./सियालदह, पूर्व रेलवे, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा प्रणाली के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** सियालदह मंडल - गति शक्ति यूनिट - पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी./जीएसयू/सियालदह के क्षेत्राधिकार में अमृत स्टेशन योजना के अधीन बहरमपुर कोर्ट, बेथुआडहरी, कृष्णनगर सिटी, शांतिपुर तथा बनगाँव स्टेशनों में 6 मी चौड़े आरडीएसओ मानक फूट ओवर ब्रिज का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य:** रु. 30,83,70,833.58; **बयाना राशि:** रु. 16,91,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 12 महीने। **खुलने की तारीख:** 26.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे; निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(SDAH-154/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, पिन-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है : **कार्य का नाम:** वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा की सुपुर्दगी। नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। **● सूचीपत्र सं. : पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-24; ● नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय:** 19.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं.; लॉट सं.; विवरण** क्रमशः निम्नलिखित हैं: एए/1; एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-डब्ल्यूएसटीएमजीटी-37-25-1; तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन बारह (12) रेलवे स्टेशनों (हावड़ा-70, बर्द्धमान-25, बैण्डेल-20, बोलपुर-10, रामपुरहाट-15, खगड़घाट रोड-15, पाकुड़-10, कोन्नगर-10, रिषड़ा-10, श्रीरामपुर-10, सेवड़ाफुली-15 एवं तारकेश्वर-15) में विज्ञापन (नॉन-डिजिटल) के अवसर के साथ 225 अदद दोहरे कूड़ेदानों के प्रावधान, स्थापना एवं रखरखाव के लिए संविदा की सुपुर्दगी। **एबी/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एमवाईएम-एमईडीएसटीएन-34-25-1; हावड़ा मंडल के मेमारी स्टेशन में तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए मेडिकल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा की सुपुर्दगी। **एबी/2;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-एमईडीएसटीएन-35-25-1; हावड़ा मंडल के पाकुड़ स्टेशन में तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए मेडिकल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा की सुपुर्दगी। **एबी/3;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई-एमईडीएसटीएन-36-25-1; हावड़ा मंडल के बाली स्टेशन में तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए मेडिकल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा की सुपुर्दगी।

(HWH-230/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं.: (i)114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-16, (ii)114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-17 एवं (iii)114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-21, दिनांक : 05.08.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को **दोपहर 12:00 बजे** से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्रम संख्या:** (i)। **कार्य का विवरण:** उच्च गति वाले 8-व्हीलर टावर कार को खड़ा रखने के लिए हल्दिया ओएचई डिपो में वर्तमान 4-व्हीलर टावर वैगन शेड की क्षमता में वृद्धि के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 16,67,194.91। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** ₹ 33,400। **क्रम संख्या:** (ii)। **कार्य का विवरण:** 04 अदद स्टेशनों (बागनान, मेचेदा, भोगपुर, हाउर) पर स्टेब्लिंग एवं रखरखाव के लिए अभियांत्रिकी साइडिंग के प्रावधान के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 42,81,176.95। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** ₹ 85,600। **क्रम संख्या:** (iii)। **कार्य का विवरण:** खड़गपुर में नए संयुक्त क्रू लॉबी के निर्माण के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 43,40,708.46। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** ₹ 86,800। **खुलने की तारीख:** 27.08.2025 [क्रम संख्या (i) एवं (ii) प्रत्येक के लिए] तथा 25.08.2025 (क्रम संख्या 3 के लिए)। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य [क्रम संख्या (i) से (iii) प्रत्येक के लिए]। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 06 महीने [क्रम संख्या (i) एवं (iii) प्रत्येक के लिए] एवं 09 महीने [क्रम संख्या (ii) के लिए]। **जमा करने की तारीख:** 27.08.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक [क्रम संख्या (i) एवं (ii) प्रत्येक के लिए] तथा 25.08.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक [क्रम संख्या (iii) के लिए]। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण, ब्योरा और स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-485)

**विभिन्न स्टेशनों पर कुछ ट्रेनों का ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, निम्नलिखित ट्रेनें उनके वर्णित स्टेशनों पर नीचे उल्लिखित समयसूची के अनुसार रुकेंगी:

| ट्रेन नं. एवं नाम | स्टेशन | आ. | प्र. | ठहराव की प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | अक्षयवट राय नगर | 00.52 | 00.54 | 08.08.2025 |
| | नयागांव | 01.25 | 01.27 | |
| 13106 बलिया-सियालदह एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | अक्षयवट राय नगर | 12.24 | 12.26 | 07.08.2025 |
| | नयागांव | 11.41 | 11.43 | |
| 13021 हावड़ा-रक्सौल मिथिला एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | दुबहा | 03.52 | 03.54 | 08.08.2025 |
| | नारायणपुर अनंत | 04.20 | 04.22 | |
| | सिहो | 04.08 | 04.10 | |
| | सिलौत | 04.20 | 04.22 | |
| | तेघरा | 02.09 | 02.11 | |
| 13022 रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | दुबहा | 14.15 | 14.17 | 07.08.2025 |
| | नारायणपुर अनंत | 13.53 | 13.55 | |
| | सिहो | 14.03 | 14.05 | |
| | सिलौत | 13.58 | 14.00 | |
| | तेघरा | 16.10 | 16.12 | |
| 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | कर्पूरीग्राम | 06.52 | 06.54 | 08.08.2025 |
| 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर मौर्य एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | कर्पूरीग्राम | 14.54 | 14.56 | 07.08.2025 |
| 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | कर्पूरीग्राम | 10.22 | 10.24 | 08.08.2025 |
| | सोनपुर | 13.25 | 13.27 | |
| | तेघरा | 08.43 | 08.45 | |
| 18182 थावे-टाटानगर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | कर्पूरीग्राम | 16.46 | 16.48 | 07.08.2025 |
| | सोनपुर | 14.18 | 14.20 | |
| | तेघरा | 18.30 | 18.32 | |
| 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | नयागांव | 11.33 | 11.35 | 08.08.2025 |
| 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | नयागांव | 18.18 | 18.20 | 08.08.2025 |
| 13137 कोलकाता-आजमगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि11.08.2025) | सोनपुर | 00.30 | 00.32 | 12.08.2025 |
| 13138 आजमगढ़-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 12.08.2025) | सोनपुर | 12.50 | 12.52 | 12.08.2025 |
| 15047 कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.08.2025) | सोनपुर | 02.30 | 02.32 | 08.08.2025 |
| 15048 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 08.08.2025) | सोनपुर | 15.43 | 15.45 | 08.08.2025 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मिथुन चक्रवर्ती को अदालत से झटका, प्राथमिकी खारिज नहीं, जांच जारी रहेगी

**कोलकाता :** बॉलीवुड अभिनेता और बीजेपी नेता मिथुन चक्रवर्ती को कोलकाता हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। चितपुर थाने में दर्ज एफआईआर को खारिज करने की उनकी याचिका पर अदालत ने कोई राहत नहीं दी है। जस्टिस जय सेनगुप्ता ने स्पष्ट आदेश में कहा कि जांच जारी रहेगी और मिथुन को उसमें सहयोग करना होगा। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें 10 सितंबर तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी है। अगली सुनवाई 3 सितंबर को होगी, और केस डायरी तलब की गई है।

गौरतलब है कि मिथुन के पूर्व सचिव सुमन रायचौधुरी और उनकी पत्नी ने अभिनेता और उनके करीबी वकील विमान सरकार के खिलाफ आर्थिक धोखाधड़ी और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए



चितपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

सुमन का आरोप है कि वे कई वर्षों तक मिथुन के साथ काम कर चुके हैं। मिथुन और उनके वकील ने उन्हें एक होटल के इंटीरियर डेकोरेशन का कार्य सौंपा। पहले चरण में उन्हें भुगतान मिला, लेकिन बाद में अतिरिक्त काम कराए जाने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं किया गया। सुमन ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी पत्नी के गहने गिरवी रखकर पैसे जुटाए और काम पूरा किया, लेकिन बिना किसी लिखित अनुबंध के उस अतिरिक्त कार्य का कोई भुगतान नहीं हुआ।

सुमन और उनकी पत्नी का कहना है कि उन्हें कुल 35 लाख रुपये मिलने थे, जो अब तक नहीं मिले। जब उनकी पत्नी पैसे मांगने गईं, तो उन्हें अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

इस एफआईआर को रद्द करने की मांग लेकर मिथुन चक्रवर्ती हाई कोर्ट पहुंचे थे, लेकिन अदालत ने जांच स्थगित करने से इनकार कर दिया।

अब देखना होगा कि आगामी सुनवाई में इस मामले में क्या रुख अपनाती है अदालत।

# चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के पास वैन से अज्ञात शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में सुबह-सुबह एक शव बरामदगी से सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह बउबाजार थाना अंतर्गत चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के पास सड़क पर सार्वजनिक रूप से एक



व्यक्ति का शव वैन में पड़ा मिला। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। सूत्रों के अनुसार, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के कारणों की जांच की जाएगी। बताया गया है कि चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के पास एक वैन रिक्शा में शव पड़ा था। बताया गया है कि बउबाजार थाने की पुलिस आई और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पहले ऐसा लगा कि वह वैन पर सोया हुआ है। लेकिन काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर कुछ लोग उसकी ओर बढ़े। तभी, यह स्पष्ट हो गया कि व्यक्ति मर चुका है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने अनुमान लगाया कि मृतक वैन का चालक था। बताया जा रहा है कि उसकी मौत बीमारी के कारण हुई। हालांकि, असली घटना पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।

## भाजपा ने चार जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा, शमिक ने पुराने लोगों को दी प्राथमिकता

### पार्टी 8 जिला अध्यक्षों के नाम बदल सकती हैं

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने बुधवार को संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की। पार्टी की ओर से जारी पत्र के अनुसार, राज्य के चार जिलों में नए जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, जिनकी जिम्मेदारी तत्काल प्रभाव से लागू होगी। नियुक्ति पत्र के अनुसार, दार्जिलिंग जिले की कमान संजीव तमांग को सौंपी गई है, जबकि बैरकपुर में तापस घोष को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बनगांव जिले में बिकास घोष को जिम्मेदारी दी गई है और घाटाल में तनमय दास को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस घोषणा की जानकारी पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों को भी दी गई है, जिनमें प्रदेश प्रभारी सुनील बंसल, मंगल पांडे, सह प्रभारी अमित मालवीय, प्रदेश महासचिव (संगठन) अमिताभ चक्रवर्ती और प्रदेश संयुक्त महासचिव (संगठन) सतीश धोंड शामिल हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इन नियुक्तियों का उद्देश्य आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए जिलास्तर पर संगठन को और मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके पहले बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद शमिक भट्टाचार्य अपने तरीके से लगातार सांगठनिक बदलाव कर रहे हैं।

### जिले में बढ़ रही परेशानी! फर्जी मतदाता को लेकर बड़ा कदम,

# एपिक कार्ड वितरण के नियमों में बदलाव, नया निर्देश जारी

**कोलकाता :** राज्य के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में फर्जी मतदाताओं की मौजूदगी को लेकर चिंता गहराने लगी है। इस समस्या को देखते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने वोटर कार्ड (एपिक कार्ड) भेजने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है।

अब तक जिला निर्वाचन कार्यालयों के माध्यम से एपिक कार्ड मतदाताओं तक पहुंचाया जाता था। लेकिन 1 सितंबर से यह व्यवस्था बदल दी गई है। अब मतदाता पहचान पत्र सीधे सरस्वती प्रेस से स्पीड पोस्ट द्वारा मतदाता के घर भेजा जाएगा। जिला कार्यालयों में इसे भेजने की प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया है।

**पहले की प्रक्रिया क्या थी?**

■ जब किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल होता था, तब उसका एपिक कार्ड बनाने का अनुरोध इलेक्ट्रोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के पास भेजा जाता था।

■ वहां से कार्ड सरस्वती प्रेस में छपाई के लिए जाता था।

■ प्रेस से कार्ड वापस जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा जाता।

■ वहां से ईआरओ उसे स्पीड पोस्ट के जरिए संबंधित मतदाता को भेजता।

**अब क्या बदला?**

अब सरस्वती प्रेस से छपने के बाद सीधे भारतीय डाक विभाग (जीपीओ) द्वारा स्पीड पोस्ट से एपिक कार्ड मतदाता के घर भेजा जाएगा। इससे मध्यवर्ती स्तरों को हटाकर प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की कोशिश की गई है।

सीईओ कार्यालय ने यह भी आदेश दिया है कि फिलहाल सरस्वती प्रेस में छपे पड़े सभी कार्ड भी सीधे डाक विभाग के जरिए मतदाताओं तक पहुंचाए जाएं।

इस नए नियम का उद्देश्य है फर्जी मतदाता रोकना, प्रक्रिया में गड़बड़ियों को कम करना, और मतदाताओं को समय पर और सही दस्तावेज़ उपलब्ध कराना।

www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# ओबीसी प्रमाणपत्र को लेकर राज्य सरकार और जॉइंट एंट्रेंस बोर्ड को हाई कोर्ट की सख्त फटकार

**कोलकाता :** ओबीसी प्रमाणपत्र विवाद को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार और पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश बोर्ड (डब्ल्यूबीजेईईबी) को कोलकाता हाईकोर्ट से फटकार लगी है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति कौशिक चंद्र ने बोर्ड और सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए।

हाईकोर्ट ने पूछा, मेरे पिछले आदेश के बाद आपने क्या कदम उठाए? क्या आपने काउंसलिंग रोकी? इसके जवाब में बोर्ड की ओर से कुछ दस्तावेज कोर्ट में जमा किए गए, लेकिन जज ने उन्हें अपर्याप्त बताया।

अब कोर्ट ने निर्देश दिया है कि



गुरुवार को जॉइंट एंट्रेंस बोर्ड के प्रिंसिपल सेक्रेटरी और हायर सेकेंडरी बोर्ड के अधिकारियों को ऑनलाइन हाजिर होना होगा।

दरअसल, 14 जुलाई 2024 को मेडिकल एलायड साइंसेज के कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा हुई थी, जिसका रिज़ल्ट 14 नवंबर को आया। लेकिन अब तक काउंसलिंग शुरू नहीं होने से नाराज़ परीक्षार्थी कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाए।

पहले यह मामला न्यायमूर्ति विश्वजीत बोस की अदालत में था, जिसे बाद में न्यायमूर्ति कौशिक चंद्र की पीठ को सौंपा गया। सुनवाई के दौरान जब जज ने पूछा, क्या प्रमाणपत्र रद्द नहीं हुआ था?, तो बोर्ड के वकील कल्याण बंद्योपाध्याय ने बताया कि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

इस पर जज ने नाराज़गी जताते हुए कहा, अगर मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, तब भी क्या कोई रद्द किया गया प्रमाणपत्र लेकर आवेदन करेगा? जवाब में कहा गया कि प्रमाणपत्र रद्द नहीं हुआ है।

इस उत्तर से न्यायमूर्ति चंद्र बेहद नाखुश हुए और टिप्पणी की– मैं नहीं चाहता कि कोई रद्द प्रमाणपत्र के आधार पर दाख़िला पाए। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश होते हुए भी ऐसा दाख़िला कैसे हुआ? यह चौंकाने वाला है।

**इसके बाद उन्होंने कई सवाल उठाए–**

- ■ नोटिफिकेशन कब जारी किया गया था?
- ■ कितने अभ्यर्थियों को होल्ड पर रखा गया?
- ■ क्या कास्ट सर्टिफिकेट जमा करने को लेकर एसएमएस भेजे गए थे?

राज्य के एडवोकेट जनरल ने कोर्ट को बताया कि 23 मई को नोटिफिकेशन जारी हुआ था, लेकिन उन्होंने माना कि कुछ दाख़िलों में कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया गया। कोर्ट को यह भी जानकारी दी गई कि 2023 के जॉइंट एंट्रेंस की काउंसलिंग हो चुकी है और कई छात्रों का दाख़िला भी हो चुका है।

जवाब में, जज ने बोर्ड के रजिस्ट्रार से पूछा– मेरे आदेश के बाद आपने क्या किया? एसएमएस भेजे? कोई स्पष्ट निर्देश जारी किए? कुछ भी नहीं किया गया।

अब गुरुवार को फिर से मामले की सुनवाई होगी। सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि रद्द प्रमाणपत्र धारकों के दाख़िले रद्द होंगे या नहीं। परीक्षार्थी कोर्ट के फैसले का इंतज़ार कर रहे हैं।

## आरजी. कर अस्पताल के डॉक्टरों के तबादले मामले में सिंगल बेंच का फैसला बरकरार

**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के तीन जूनियर डॉक्टरों के तबादले के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार को कोलकाता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखते हुए स्पष्ट कर दिया है कि मामले की सुनवाई वहीं जारी रहेगी, और राज्य सरकार की आपत्ति खारिज कर दी गई है।

डॉ. अनिकेत महातो, देवाशीष हालदार और असफाकुल्लाह नाइया – इन तीनों जूनियर डॉक्टरों को प्रशिक्षण के दौरान ही अचानक तबादला किए जाने को लेकर उन्होंने अदालत का दरवाज़ा खटखटाया था। डॉक्टरों का कहना है कि वे



एम.डी./एम.एस. कोर्स के प्रशिक्षण के दौरान थे और कोई नियमित सरकारी कर्मचारी नहीं, बल्कि अनुबंध आधारित प्रशिक्षु हैं। ऐसे में तबादले का आदेश अवैध और अनुचित है।

राज्य सरकार ने इस मामले की स्वीकार्यता पर सवाल उठाया था और कहा था कि चूंकि इन डॉक्टरों का वेतन राज्य सरकार देती है, इसलिए मामला सिविल सर्विस एडमिनिस्ट्रेटिव ट्राइब्यूनल के अंतर्गत आना चाहिए। लेकिन हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने पहले ही राज्य की यह दलील खारिज कर चुकी थी।

अब जस्टिस तपोव्रत चक्रवर्ती की डिवीजन बेंच ने भी राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए साफ कर दिया कि यह मामला जस्टिस विश्वजीत बोस की अदालत में ही चलेगा।

इस निर्णय को राज्य सरकार के लिए एक कानूनी झटका माना जा रहा है, क्योंकि यह तबादले के आदेश की वैधता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। अब अदालत इस बात पर विचार करेगी कि प्रशिक्षणरत अनुबंधित डॉक्टरों का इस तरह तबादला करना कानूनन उचित था या नहीं।


### कस्टम फोटो गिफ्ट कार्ड्स के साथ अमेजन पे का रक्षाबंधन स्टोर लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** रक्षाबंधन के मौके पर अमेजन पे ने अपने डिजिटल गिफ्ट कार्ड्स को और खास बनाने के लिए कस्टम फोटो फीचर लॉन्च किया है। जिससे ग्राहक अब गिफ्ट कार्ड में अपनी तस्वीर या आर्टवर्क जोड़ सकते हैं। यह पहल पर्सनलाइज्ड गिफ्टिंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, अमेजन ने रक्षाबंधन स्टोर लॉन्च किया है, जहां फैशन, मिठाई, स्मार्टवॉच, परफ्यूम, राखी सेट और कई अन्य गिफ्टिंग विकल्पों पर आकर्षक ऑफर्स मिल रहे हैं। अमेजन पे ने 1.34 बिलियन यूनिट्स की बिक्री और 18% सालाना वृद्धि के साथ गिफ्टिंग बाजार में मजबूती दर्ज की है। पर्यावरण प्रेमियों के लिए सीडेड पेपर कार्ड और एनीमेटेड ई-गिफ्ट कार्ड्स भी पेश किए गए हैं। 300 से अधिक ब्रांड्स के प्रीमियम कार्ड्स अब अमेजन पर उपलब्ध हैं, जिन्हें तुरंत डिजिटल डिलीवरी के साथ रिडीम किया जा सकता है।

## आकाशीय बिजली गिरने से बांकुड़ा में 15 दिनों में 11 मौतें

❑ **इंदस में दो स्थानों में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो की मौत**

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा जिला लगातार आसमानी बिजली के कहर से जूझ रहा है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार की सुबह बताया कि पिछले 15 दिनों में यहां 11 लोगों की जान जा चुकी है। मंगलवारकी शाम एक बार फिर बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है। बयान के अनुसार, मंगलवार की शाम अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में इंदस थाना क्षेत्र के पलाशी गांव के राजू बागदी (55) और पात्रसायर थाना क्षेत्र के पाटित गांव के जयंत मंडल (63) की मौत हुई। दोनों ही खेतों में अमन धान की रोपाई कर रहे थे, तभी अचानक बिजली गिर गई और मौके पर ही



उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए विष्णुपुर जिला अस्पताल भेजा। जिला प्रशासन का कहना है कि इस साल मानसून की शुरुआत से ही एक के बाद एक निम्न दबाव बनने से बांकुड़ा में लगातार बारिश हो रही है। गरज-चमक वाले बादलों के कारण बिजली गिरने की घटनाएं असामान्य रूप से बढ़ गई हैं। 24 जुलाई को एक ही दिन में नौ लोगों की मौत हुई थी। उसके बाद से अब तक मौतों का आंकड़ा 11 तक पहुंच गया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है।

## बेटी के दुष्कर्म और हत्या के दोषी पिता को आसनसोल अदालत ने सुनाई मौत की सजा

**आसनसोल :** अपनी ही बेटी के दुष्कर्म और हत्या के दोषी पिता को आसनसोल की अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। सुनवाई 15 महीने के भीतर समाप्त हो गई। विशेष पॉक्सो अदालत की न्यायाधीश सुपर्णा बनर्जी ने बुधवार को सजा सुनाई। सरकारी वकील सोमनाथ चटराज ने कहा कि न्यायाधीश ने 16 लोगों की गवाही दर्ज होने के एक साल और तीन महीने के भीतर आरोपी पिता को दोषी ठहराया। बताया गया है कि यह क्रूर घटना 13 मई, 2024 की सुबह आसनसोल के हीरापुर थाना अंतर्गत नरसिंहबंध इलाके में हुई थी। लड़की की मां ने 15 वर्षीय नाबालिग को घर के बिस्तर पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा देखा। उसकी चीख सुनकर पड़ोसियों की नींद टूट गई। वे घर की ओर दौड़े। देखा गया कि पीड़िता के गले पर निशान था। उसके नाक और कान से खून निकल रहा था। गृहिणी ने उस समय शिकायत की थी कि जब वह अपनी बेटी को अस्पताल ले जाने की कोशिश कर रही थी, तो उसके पिता ने उसे अस्पताल ले जाने से रोक दिया। पड़ोसियों ने लड़की को ज़बरदस्ती अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि नाबालिग की हत्या से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। लड़की की मां की शिकायत पर पिता को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के बाद, विस्फोटक जानकारी सामने आई। पिता से पूछताछ और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद, पुलिस को पता चला कि नाबालिग की दुष्कर्म के बाद रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त रस्सी मृतका के घर के पास एक कूड़ेदान से बरामद की। पुलिस और सरकारी वकील ने अदालत में साबित किया कि हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार यही था। आसनसोल की अदालत ने सोमवार को सभी सबूतों और घटना के 15 महीनों के भीतर 16 लोगों की गवाही के आधार पर पिता को दोषी ठहराया। न्यायाधीश ने बुधवार को फांसी का आदेश दिया। सरकारी वकील सोमनाथ चटराज ने कहा कि पीड़िता के गुप्तांगों पर उसके पिता का डीएनए पाया गया। चादर से कई सबूत मिले। अदालत ने मृतका की मां के बयान, जांच अधिकारी, डॉक्टरों के बयान और सबूतों के आधार पर आरोपी को मौत की सजा सुनाई।

### बीएलएस इंटरनेशनल ने पहली तिमाही में वित्त वर्ष 2025-26 की दमदार शुरुआत की

**कोलकाता :** बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने यह सूचित किया है कि 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ करीब 50 प्रतिशत (49.8) के उछाल के साथ 181 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 120.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनी की परिचालन से होने वाली आय 44.2 प्रतिशत बढ़कर 710.6 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह आंकड़ा 492.7 करोड़ रुपये रहा था। प्रदर्शन और हालिया अपडेट्स को लेकर बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक शिखर अग्रवाल ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में हमारा मजबूत प्रदर्शन हमारे विविधीकृत बिजनेस मॉडल की ताकत को दर्शाता है, जिसे सभी प्रमुख बाजारों और सेवाओं में निरंतर तेज रफ्तार का सपोर्ट प्राप्त है।

### एवरैडी इंडस्ट्रीज़ के टेफ्को प्लांट को मिला बीआईएस सर्टिफिकेशन

**कोलकाता :** देश के अग्रणी बैटरी एवं फ्लैशलाईट ब्राण्ड एवरैडी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने आज घोषणा की है कि इसके मैनुफैक्चरिंग प्लांट 'द एवरैडी फ्लैशलाईट कंपनी (टेफ्को) - को प्रतिष्ठित बीआईएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैण्डर्ड्स) सर्टिफिकेशन मिला है। कंपनी की लखनऊ युनिट देश के सबसे बड़े और सबसे पुराने टॉर्च मैनुफैक्चरिंग प्लांट्स में से एक है, जिसे अपनी मैनुफैक्चरिंग क्षमता तथा गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता के चलते यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है। इस अवसर पर अनिरबन बैनर्जी, चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर, एवरैडी इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड ने कहा, 'हमें गर्व है कि हमें अपनी लखनऊ युनिट के लिए प्रतिष्ठित बीआईएस सर्टिफिकेशन मिला है।'

## हावड़ा मंडल ने श्रावणी मेले में भीड़ प्रबंधन और सेवा का शानदार उदाहरण किया पेश

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने इस वर्ष भी तारकेश्वर में आयोजित श्रावणी मेला 2025 के दौरान शानदार भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधा के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष रविवार और सोमवार (चार सप्ताह) के पीक दिनों में कुल 5,92,230 यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9% अधिक है। हावड़ा मंडल ने तारकेश्वर स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को संभालने के लिए व्यापक संसाधनों की तैनाती की। कुल 339 शिफ्ट्स में बिना आरक्षण टिकट काउंटरों का संचालन किया गया, जिससे प्रतीक्षा समय में कमी आई और टिकटिंग प्रक्रिया को सुगम बनाया गया। वाणिज्यिक और सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में चेकिंग स्टाफ, बुकिंग क्लर्क, आरपीएफ, सिविल डिफेंस के अधिकारी और मेडिकल टीम को तैनात किया गया ताकि बेहतर भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके और कोई भी अप्रिय घटना न हो। तारकेश्वर स्टेशन पर एक विशेष होल्डिंग एरिया की स्थापना की गई, जहां 6 मोबाइल यूटीएस उपकरणों से लैस वाणिज्यिक कर्मचारी भीड़ में घूमकर यात्रियों को टिकट प्रदान कर रहे हैं। सोमवार, 4 अगस्त को हावड़ा मंडल ने 1,15,347 यात्रियों की रिकॉर्ड आवाजाही दर्ज की, जो इस वर्ष का अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। श्रावणी मेले के अवसर पर इस बार हावड़ा मंडल ने कुल 14 जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया, जिनमें 5 जोड़ी हावड़ा-तारकेश्वर-हावड़ा और 9 जोड़ी शेउराफुली-तारकेश्वर-शेउराफुली स्पेशल ट्रेनें शामिल रहीं, जो नियमित सेवाओं के अतिरिक्त चलाई गईं।

## सियालदह मंडल ने प्लेटफॉर्म की ऊंचाई का कार्य पूरा कर यात्रियों को दी बड़ी सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया है। यह व्यापक परियोजना सियालदह के दक्षिण, मुख्य एवं उत्तर खंडों के स्टेशनों को शामिल करते हुए क्रियान्वित की गई, जिसका उद्देश्य यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने-उतरने में सहूलियत प्रदान करना और यात्रा को अधिक सुरक्षित बनाना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान मंडल द्वारा अब तक 31 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म ऊंचाई का कार्य सफलता पूर्वक पूरा किया जा चुका है, जबकि शेष 10 स्टेशनों पर कार्य प्रक्रियाधीन है। इस परियोजना पर 37 करोड़ की लागत आई है।

यह पहल सियालदह मंडल के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और प्रतिदिन यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा, यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्लेटफॉर्म ऊंचाई कार्य की पूर्णता हमारी इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमें विश्वास है कि यह सुधार यात्रियों के दैनिक यात्रा अनुभव में स्पष्ट रूप से सकारात्मक बदलाव लाएगा।

# सीबीआई डायरेक्टर और गृहमंत्री से मिलने दिल्ली रवाना हुए पीड़िता के माता-पिता

**कोलकाता :** आर.जी.कर कांड की एक वर्ष की अवधि 9 अगस्त को पूरी हो रही है, लेकिन अब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिल पाया है। न्याय की मांग को लेकर आज बुधवार को पीड़िता के माता-पिता दिल्ली रवाना हो गए हैं। वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सीबीआई निदेशक से मिलकर अपनी बात रखेंगे।

बीते एक वर्ष से बेटी को न्याय दिलाने के लिए वे लगातार संघर्ष कर रहे हैं। कोलकाता पुलिस की जांच से असंतुष्ट होकर मामला सीबीआई को सौंपा गया, लेकिन अब भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। गिरफ्तार सिविक वॉलंटियर संजय राय को सज़ा तो हुई, लेकिन माता-पिता का आरोप है कि वास्तविक अपराधियों को सज़ा नहीं मिली है।

उन्होंने सीबीआई की जांच में लापरवाही का भी आरोप लगाया है और कहा है कि वे जांच एजेंसी पर अब भरोसा नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए केंद्रीय गृह मंत्री और सीबीआई निदेशक से सीधे मुलाकात करने दिल्ली जा रहे हैं।

कोलकाता एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि राज्य सरकार डर गई है, इसीलिए आगामी 9 अगस्त को नबन्ना अभियान को रोकने की हर संभव कोशिश कर रही है। लेकिन, उन्होंने यह भी कहा कि जनता का स्वाभाविक आंदोलन किसी भी शक्ति से नहीं रोका जा सकता।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए पीड़िता के पिता ने कहा कि मुख्यमंत्री पैसे और धमकी के जरिए वोट खरीदती हैं। उन्हें सिर्फ सत्ता से मतलब है। इसी वजह से वे लोकतांत्रिक अधिकार छीनने की कोशिश कर रही हैं और नबन्ना अभियान को रोकने का प्रयास कर रही हैं।

### अरमान मलिक और इक्का का नया ट्रैक 'मेबी', रॉयल स्टैग बूमबॉक्स की नई पेशकश

**कोलकाता, समाज्ञा :** रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ने अपना तीसरा ओरिजनल ट्रैक 'मेबी' लॉन्च किया है, जिसे गायक अरमान मलिक और रैपर इक्का ने मिलकर पेश किया है। यह गीत बॉलीवुड मेलोडी और हिप-हॉप का भावनात्मक मिश्रण है। यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप के साथ साझेदारी में बना यह गाना अब सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। 'मेबी' प्रेम की अनिश्चितता, उम्मीद और अहसास के पलों को दर्शाता है। अरमान मलिक ने इसे दिल से निकला गाना बताया, जबकि इक्का ने इसे एक माहौल कहा जो पलों को थामे रखने की चाह को दर्शाता है। यह ट्रैक 'लिविंग इट लार्ज' की भावना को सामने लाता है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स युवाओं को संगीतमय मंच देकर प्रयोग और सृजन को बढ़ावा देता है। पहले सफल ट्रैक्स 'साय', 'सजना मेरा', और 'इम्तिहान' के बाद 'मेबी' इस सीजन का तीसरा ओर अंतिम ट्रैक है, जो अब यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

### हावड़ा मंडल रेल चिकित्सालय में शुरू हुई ग्लूकोमा की अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा 'आई-स्टेंट प्रत्यारोपण'

❑ **ग्लूकोमा आई-स्टेंट प्रत्यारोपण करने वाला भारत का दूसरा रेलवे अस्पताल**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मंडलीय रेल चिकित्सालय, हावड़ा ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। यहां पहली बार ग्लूकोमा के लिए ट्राबेकुलर माइक्रो बाइपास प्रणाली (आई-स्टेंट) प्रत्यारोपण तकनीक का सफल प्रयोग किया गया। यह अत्याधुनिक नेत्र शल्य चिकित्सा 31 जुलाई 2025 को डॉ. देबजानी मुखोपाध्याय (एसीएमएस/हावड़ा) द्वारा की गई, जिससे यह चिकित्सालय, दक्षिण रेलवे के बाद भारतीय रेल का दूसरा ऐसा केंद्र बन गया है जहां यह पद्धति अपनाई गई है। ग्लूकोमा एक मूक दृष्टि-हानिकारक रोग है, जो अक्सर देर से पहचान में आता है और तब तक स्थायी क्षति हो चुकी होती है। अब तक इसकी मध्यम अवस्था तक दवाओं और कुछ मामलों में किरण चिकित्सा (लेजर थेरेपी) से ही उपचार संभव था। इस नवीनतम तकनीक से अब प्रारंभिक अवस्था में ही रोग की प्रगति को रोका जा सकता है, जिससे रोगी जीवनभर की दवा निर्भरता और उनके दुष्प्रभावों से मुक्त रह सकते हैं।

## इंटर-डीपीएस बांग्ला भाषा महोत्सव का सफल आयोजन, डीपीएस रूबी पार्क बना ओवरऑल विजेता

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी की पहल पर पहली बार इंटर-डीपीएस बांग्ला भाषा महोत्सव का आयोजन 31 जुलाई 2025 को दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क में भव्य रूप से किया गया। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय भाषा और साहित्य की समृद्ध परंपरा से छात्रों को परिचित कराना, उनमें भाषाई जागरूकता पैदा करना और उन्हें अपनी भाषाई पहचान पर गर्व करना सिखाना था। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी की संयुक्त निदेशक डॉली चनना मुख्य अतिथि के रूप में उप-स्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद डीपीएस रूबी पार्क की प्राचार्या ज्योति चौधरी ने अपने स्वागत भाषण में क्षेत्रीय भाषाओं की जागरूकता के लिए ऐसे प्रयासों की सराहना की और इसे छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक बताया।



इस महोत्सव में राज्यभर के विभिन्न हिस्सों से आठ प्रतिष्ठित डीपीएस स्कूलों ने भाग लिया। छात्रों ने चरित्र अभिनय, काव्य-नृत्य और पंच कविर गान जैसे रंगारंग कार्यक्रमों में भाग लेते हुए बांग्ला साहित्य और संस्कृति की जीवंत प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त, जिज्ञांसा नामक बांग्ला क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने भाषा ज्ञान का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागी टीमों को न सिर्फ पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, बल्कि उनके प्रयासों की सराहना भी की गई। कार्यक्रम के अंत में डीपीएस रूबी पार्क को ओवरऑल विजेता घोषित किया गया। यह महोत्सव छात्रों को अपनी मातृभाषा के प्रति जागरूक करने और क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक महत्व-पूर्ण प्रयास रहा।

## सियालदह और राणाघाट के बीच जल्द ही शुरू होगी एसी ईएमयू लोकल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और किफायती यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सियालदह-राणाघाट खंड पर एसी ईएमयू लोकल सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। यह सेवा पूर्वी भारत में शुरू होने वाली पहली एसी ईएमयू लोकल होगी। इस रेक में 12 वातानुकूलित कोच होंगे, जो 25 केवी एसी ट्रैक्शन पर 110 किमी/घंटा की अधिकतम गति से चलेंगे। कोच स्टेनलेस स्टील से बने हैं, चौड़े सील बंद गैलरी से जुड़े हैं और प्रत्येक कोच में चार स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे तथा बड़े डबल शीशे की खिड़कियां हैं। इसमें 3-सीटर स्टेनलेस स्टील सीटें, सीसीटीवी निगरानी, रबर फ्लोरिंग, एलईडी सूचना डिस्प्ले, सार्वजनिक उद्घोषणा और टॉकबैक सिस्टम जैसी सुविधाएं हैं। सभी दरवाजों का नियंत्रण चालक/गार्ड के पास होगा।





किराया यात्रियों के लिए किफायती रखा गया है। दमदम से 35, बैरकपुर 60, नैहाटी 90 और राणाघाट 120 में एकल यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी। मासिक पास क्रमशः 620, 1275, 1810 और 2430 में मिलेंगे। नई एसी लोकल सेवा विशेषकर भीड़भाड़ और गर्मी वाले समय में यात्रियों को राहत प्रदान करेगी और उपनगरीय यात्रा को और अधिक आरामदायक, सुरक्षित और आधुनिक बनाएगी।

## संदेशखाली में शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट के संदेशखाली में कथित तौर पर शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में परिवार के शिकायत के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम रशीदुल मोल्ला (32) है। वह संदेशखाली इलाके का निवासी है। पीड़िता भी उसी इलाके में रहती है। बताया गया है कि आरोपी युवक नाबालिग से छह महीने पहले मिला था। युवक ने लड़की के साथ प्रेम संबंध बनाने की कोशिश की। पता चला है कि एक समय पर, लड़की ने भी विरोध नहीं किया। आरोप है कि युवक ने लड़की से शादी का वादा करके कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद, कुछ समय से युवक लड़की के संपर्क में नहीं रहना चाहता था। युवक ने कथित तौर पर उससे कहा कि शादी संभव नहीं है। अपने साथ हुए धोखे का एहसास होने पर, लड़की ने पूरी घटना अपने परिवार को बताई। लड़की के परिवार ने समय बर्बाद नहीं किया। मंगलवार को पीड़ित परिवार ने संदेशखाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। घटना की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को जेलेखाली इलाके से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को गिरफ्तार व्यक्ति को बशीरहाट उपजिला न्यायालय में पेश किया गया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

## विशाल कपूर ने संभाला हावड़ा मंडल रेल प्रबंधक का कार्यभार

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में विशाल कपूर ने 5 अगस्त को डीआरएम के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वे 1994 बैच के भारतीय रेल यांत्रिक सेवा (आईआरएसएमई) के वरिष्ठ अधिकारी हैं और रेलवे व ऊर्जा क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखते हैं। श्री कपूर ने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर स्थित ली कुआन यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। वे आईआरआईएमईई, जमालपुर के विशेष श्रेणी रेलवे प्रशिक्षु (एससीआरए) रह चुके हैं और उनके पास इंजीनियरिंग काउंसिल (लंदन) एवं एएमआईई (भारत) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तकनीकी योग्यताएं हैं।



1994 में रेलवे सेवा से जुड़ने के बाद, उन्होंने पश्चिम रेलवे में अबू रोड, फुलेरा, वडोदरा, साबरमती और वटवा जैसे स्थानों पर एएमई, डीएमई और वरिष्ठ डीएमई के पदों पर कार्य किया। 2010 से 2015 तक वे अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) में निदेशक (मानक) के पद पर कार्यरत रहे, जहां उन्होंने भारत के पहले ऑटोमोबाइल-कैरियर वैगन और अन्य विशेष मालगाड़ियों के विकास में योगदान दिया। 2015 से 2022 के बीच वे विद्युत मंत्रालय में निदेशक और फिर संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत रहे। 2022 से 2025 तक वे ईईएसएल के सीईओ और सीईएसएल के एमडी व सीईओ रहे। उन्होंने 20,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों की योजना, 3,500 करोड़ के पेमेंट सिक्योरिटी मैकेनिज्म की स्थापना और ईईएसएल मार्ट जैसे नवाचारों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया। श्री कपूर के नेतृत्व में हावड़ा मंडल न केवल संचालन में उत्कृष्टता को आगे बढ़ाएगा, बल्कि यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता और अधोसंरचना के आधुनिकीकरण को भी एक नई दिशा देगा।

## बांग्लादेश सीमा के पास खेती करने गये किसान की रहस्यमयी मौत

**मुर्शिदाबाद :** जिले के भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सुती थाना अंतर्गत देबीपुर में एक किसान की रहस्यमयी मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक की पहचान नुरुद्दीन अली (50 के रूप में हुई है। परिवार के मुताबिक, नुरुद्दीन अली रोज की तरह मंगलवार की सुबह खेत में काम करने के लिए देबीपुर सीमा के पास गए थे। आमतौर पर, वे दोपहर 12 बजे तक घर लौट आते थे, लेकिन वे वापस नहीं आए। परिजनों ने चिंतित होकर बीएसएफ कैंप में पूछताछ की, जहां बताया गया कि नुरुद्दीन इलाके से लौट चुके हैं और उनका नाम एंट्री रजिस्टर में दर्ज है। इसके बाद भी रातभर की तलाश में उनका कोई पता नहीं चला। स्थानीय लोगों ने देबीपुर चर इलाके में उनका शव पड़ा देखा। घटना की खबर फैलते ही गंगा घाट पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और इलाके में तनाव का माहौल बन गया। सूत्रों के अनुसार, मृतक के पास से खेती में इस्तेमाल होने वाला एक कैरेट केला और केले का मोंचा मिला है, जिससे माना जा रहा है कि वह खेत का काम निपटाकर लौटते समय लापता हुए। उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अब भी रहस्य बना हुआ है। ग्रामीणों के बीच इसको लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं, वहीं परिवार ने आशंका जताई है कि घटना संदिग्ध है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामला दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों पर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### बांकुड़ा में मोबाइल फोन चार्जिंग के दौरान करंट लगने से गर्भवती महिला की मौत

**बांकुड़ा :** जिले के कोतुलपुर थाना अंतर्गत बलीठा गांव में बुधवार बिजली के प्लग पर मोबाइल फोन चार्जिंग के दौरान करंट लगने से एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बृष्टि रॉय के रूप में की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बृष्टि रॉय बांकुड़ा के कोतुलपुर ब्लॉक के बलीठा गांव की निवासी थी। उसका ससुराल उसी ब्लॉक के झेरो कंकाबती गांव में है। गर्भवती होने के बाद महिला बलीठा गांव में अपने पिता के घर पर रहती थी। बताया गया है कि इस दिन, दोपहर में जब वह अपना मोबाइल फोन चार्ज करने गई तो उसे करंट लग गया। जैसे ही मामला परिवार वालों के ध्यान में आया, घर का बिजली कनेक्शन काट दिया गया और महिला को बचा लिया गया। घटना में महिला के गंभीर रूप से बीमार पड़ने पर स्थानीय निवासी उसे स्थानीय गोगड़ा ग्रामीण अस्पताल ले गए।

# हुगली में बारिश से जलजमाव, सिमलागड़ में जीटी रोड जाम कर प्रदर्शन

❑ **निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप**

**हुगली :** पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश ने हुगली के पांडुआ इलाके की हालत बेहाल कर दी है। सिमलागड़ मैदानपाड़ा इलाके में कई घरों में बारिश का पानी घुस गया है। घरों के सामने की सड़कें तो जलमग्न हैं ही, अब घर के अंदर भी पानी भर गया है। स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं और खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। बुधवार को गुस्साए लोगों ने सिमलागड़ बाज़ार के पास जीटी रोड को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।



प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रशासन को कई बार इस समस्या के बारे में अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है। घर के अंदर पानी है, लोग कहां रहेंगे? - ये सवाल उठाते हुए मीरजान बीबी और शेख अलेक ने बताया कि मंगलवार रात की बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत को कई बार जल निकासी की खराब व्यवस्था के बारे में बताया गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब उनके पास सड़क पर उतरने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है।

जीटी रोड पर प्रदर्शन के चलते सड़क पर लंबा जाम लग गया। बारिश के बीच आम लोग भी परेशान हुए, लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक कोई समाधान नहीं निकलता, वे रास्ता खाली नहीं करेंगे।

इस मुद्दे पर सिमलागड़ विटासिन ग्राम पंचायत के उपप्रधान हबीबुल रहमान ने कहा कि यह इलाका कई सालों से जल निकासी की समस्या से जूझ रहा है। पिछले साल भी यही स्थिति बनी थी, तब पास के एक तालाब में पंप लगाकर पानी निकाला गया था। लेकिन इस बार तालाब के पास के मकान मालिक पानी डालने की इजाजत नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रमुख जो उचित समझेंगे, वही कदम उठाएंगे।

स्थानीय लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द स्थायी जल निकासी व्यवस्था की जाए, ताकि हर साल इस तरह की परेशानी न हो।

# बारासात में भाजपा की 'कन्या सुरक्षा यात्रा' पर पथराव, फैला तनाव

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिला के बारासात में बुधवार को उस समय तनाव पैदा हो गया जब राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर निकाली गई भाजपा की रैली पर कुछ लोगों ने कथित रूप से पथराव किया और काले झंडे दिखाए। उत्तर 24 परगना जिले के चंपादली मोड़ पर निकाली गई 'कन्या सुरक्षा यात्रा' का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने किया। भाजपा समर्थकों ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं के उकसावे पर रैली में पथराव किया गया। रैली में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं ने जवाबी प्रतिक्रिया में पानी की बोतलें फेंकीं। इस हंगामे में कई मोटरसाइकिल के क्षतिग्रस्त



होने की भी सूचना है। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए त्वरित कार्रवाई बटालियन (आरएबी) समेत पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। शुभेंदु अधिकारी ने मार्च जारी रखा और उन्होंने बाद में दावा किया कि उन पर हमला किया गया लेकिन वह कूचबिहार में एक रैली के दौरान पहले की घटना की तरह बच निकलने में कामयाब रहे। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध "राज्य में कानून-व्यवस्था की पूर्ण विफलता" के कारण बढ़ रहे हैं।

## निवेदिता ब्रिज के नीचे कचरे में पड़ी मिली नवजात, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा स्थित निवेदिता ब्रिज के नीचे बुधवार सुबह कचरे के डिब्बे से एक नवजात बच्ची मिली। घटना से बाली थाना क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बच्ची की हालत गंभीर है और उसे टी.एल. जायसवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बाद में उसे कोलकाता के शिशु अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 6 बजे टोटो चालक चंदन मल्लिक ने पंचनानतला इलाके में कचरे से बच्चे की हल्की आवाज सुनी। पास जाकर देखा तो नवजात खून से सनी नाल के साथ पड़ी थी और पूरे शरीर पर चींटियां लगी थीं। स्थानीय लोगों ने उसे पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर बाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को सूचित किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर दोषियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# कूचबिहार में शुभेंदु अधिकारी पर हमले में सात गिरफ्तार

### मंत्री उदयन समेत 41 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज

**कोलकाता/कूचबिहार**


नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कूचबिहार में अपने काफिले पर हुए हमले के मामले में राज्य के एक कैबिनेट सदस्य समेत कुल 41 लोगों के नाम पुलिस शिकायत में दर्ज कराए हैं। इनमें उत्तर बंगाल विकास विभाग के राज्य मंत्री उदयन गुहा का नाम भी शामिल है। यह शिकायत शुभेंदु अधिकारी के वकील के जरिए कूचबिहार जिले के पुलिस अधीक्षक द्युतिमान भट्टाचार्य के कार्यालय में दर्ज कराई गई। कूचबिहार जिला पुलिस ने बुधवार को जानकारी दी कि इस हमले के मामले में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर सात हो गई है, जबकि मंगलवार की शाम तक यह संख्या तीन थी।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान से यह साफ हो गया है कि शुभेंदु अधिकारी के मंगलवार की दोपहर से लगाए जा रहे आरोप कि हमलावर अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए थे, बिना आधार के हैं। उल्लेखनीय है कि हमला मंगलवार को उस समय हुआ था, जब शुभेंदु अधिकारी एक तयशुदा विरोध रैली में भाग लेने कूचबिहार पहुंचे थे। बताया गया कि जैसे ही उनका काफिला शहर में दाखिल हुआ, भीड़ ने उसे निशाना बनाया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

# कसबा सामूहिक दुष्कर्म : चारों आरोपित लालबाजार ले जाए गए, शुरू हुई कड़ी पूछताछ

### आरोपियों को आठ अगस्त तक पुलिस हिरासत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कसबा लॉ कॉलेज की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार चारों आरोपितों से मंगलवार की रात को लालबाजार पुलिस मुख्यालय में गहन पूछताछ शुरू हुई। मुख्य आरोपित मनोजीत मिश्रा, लॉ कॉलेज के छात्र जायेब अहमद और प्रमित मुखर्जी तथा कॉलेज का गार्ड पिनाकी बनर्जी को पूछताछ के लिए लालबाजार लाया गया। मंगलवार को कोर्ट में पेशी के दौरान मनोजीत मिश्रा के वकील राजू गांगुली और पिनाकी बनर्जी के वकील दिव्येंदु भट्टाचार्य ने उनके लिए जमानत की अर्जी दाखिल की थी, जबकि जायेब और प्रमित के



वकीलों ने कोई जमानत याचिका नहीं दी। यह पहली बार था जब मनोजीत की ओर से जमानत याचिका लगाई गई थी। हालांकि, पुलिस ने इसका कड़ा विरोध किया। पुलिस ने अदालत को बताया कि उन्हें हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक सबूत, डिजिटल फॉरेंसिक रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और केंद्रीय फॉरेंसिक लैब की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। पुलिस का दावा है कि आरोपितों द्वारा पहले दिए गए बयानों और प्राप्त रिपोर्टों में कई विसंगतियां पाई गई हैं, जिनकी जांच आवश्यक है। पुलिस ने अदालत से यह भी कहा कि मनोजीत और उसके साथी प्रभावशाली लोग हैं और यदि उन्हें जमानत दी जाती है, तो वे गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। अदालत ने पुलिस की दलीलों को मानते हुए चारों आरोपितों को आठ अगस्त तक के लिए फिर से पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। फिलहाल, चारों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

# नदिया में दिव्यांग बच्ची का शव घर के पास तालाब से बरामद

❑ **मां को लिया गया हिरासत में**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के करीमपुर में बुधवार को घर के पास एक तालाब में एक दिव्यांग बच्ची का शव बरामद किया गया। इस घटना को लेकर इलाके में भारी हंगामा हुआ। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की मां तापसी सरकार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पता चला है कि मृत बच्ची का नाम ईशा सरकार (07) है। बच्ची अपनी मां के साथ करीमपुर स्थित एक घर में रहती थी। उसके पिता पेशे से प्रवासी मजदूर हैं। वह दूसरे राज्य में रहते है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बच्ची मूक-बधिर थी। नतीजतन, वह घर पर ही रहती थी। वह अपना पूरा दिन अपनी मां के साथ बिताती थी। इस दिन, सुबह में पड़ोसियों ने घर के पीछे तालाब में बच्ची को पड़ा देखा। वे तुरंत दौड़कर उसके पास दौड़े। पास जाते ही उन्हें पता चला कि वह मर चुकी है। इसके बाद, थाने में सूचना दी गई। पुलिस ने जाकर शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन, नाबालिग की मौत कैसे हुई? यह पूरी तरह से रहस्य है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस मौत के पीछे कोई साज़िश हो सकती है। मृतक की मां को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है ताकि असल में क्या हुआ, इसका पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही पूरा मामला स्पष्ट हो जाएगा।

# आरजी कर कांड की बरसी पर कोलकाता में लंबे विरोध कार्यक्रमों की घोषणा

### विभिन्न सामाजिक संगठनों, डॉक्टरों तथा समाज के विभिन्न वर्ग के लोग होंगे शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पिछले साल 9 अगस्त को प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के दुष्कर्म व उसकी हत्या की घटना की बरसी पर कोलकाता के विभिन्न सामाजिक संगठनों, डॉक्टरों तथा समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने 8 से 15 अगस्त तक कई विरोध कार्यक्रमों की घोषणा की है। 8 अगस्त को पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम रात 9 बजे उत्तर कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से श्यामबाजार तक एक मशाल रैली निकालेगा और अगली रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक श्यामबाजार फाइव-पाइंट क्रासिंग पर धरना देगा। मृतका के माता-पिता ने 9 अगस्त को राज्य सचिवालय मार्च का आह्वान किया है। इस मार्च में सत्तारूढ़ दल को छोड़कर अन्य राजनीतिक दलों के नेता-कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लिए बिना मौजूद रहेंगे। चूंकि, इस मार्च में राजनीतिक नेता मौजूद रहेंगे, इसलिए इसमें डॉक्टर मौजूद नहीं रहेंगे। ईीस दिन, डॉक्टरों के संयुक्त मंच और पीड़ता के न्याय लिए गठित अभया मंच के लोग सुबह लोगों को सुरक्षा प्रदान करने का संदेश देने के लिए राखी बांधेंगे। शाम 4 बजे डॉक्टर हाजरा क्रसिंग पर इकट्ठा होंगे और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास के पास कालीघाट तक मार्च निकालेंगे। उसी दिन, शाम 6 बजे आरजी कर मेडिकल अस्पताल का पास एक सभा का आह्वान किया गया है। 14 अगस्त को डॉक्टरों और आम लोगों द्वारा रैलियां और विरोध सभाएं आयोजित की जाएंगी। आधी रात को पूरे कोलकाता में एक और रिक्लेम द नाइट कार्यक्रम की योजना बनाई गई है, जहां घर की महिलाओं सहित आम लोग न्याय की मांग के लिए सड़कों पर उतरेंगे।

# चुंचुड़ा में जर्जर मकान का एक हिस्सा धराशायी

**हुगली, समाज्ञा**

जिले के चुंचुड़ा के तामलीपाड़ा इलाके में जर्जर मकान का एक हिस्सा गिर गया है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दरअसल, तामलीपाड़ा में हरिदास दत्ता नाम के व्यक्ति का मकान है। वह मकान इस समय जर्जर हालत में है। हुगली चुंचुड़ा नगरपालिका ने पहले ही मकान को जर्जर घोषित कर दिया था। लेकिन साझेदारों के बीच विवाद के कारण मकान को ढाहना संभव नहीं हो पा रहा था। इसी बीच, मंगलवार की रात मकान के पिछले हिस्से का एक हिस्सा पड़ोसी दास परिवार के घर के सामने ढह गया। इससे दास



परिवार के घर का मुख्य द्वार बंद हो गया। सविता दास और उनका पोता घर के अंदर फंस गए। खबर मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। इसके तुरंत बाद, चुंचुड़ा के विधायक असित मजूमदार और हुगली चुंचुड़ा नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग के सीआईसी जयदेव अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में, नगरपालिका ने दास परिवार के घर के सामने पड़े मकान के ढहे हुए हिस्से को हटवाया।

# साइबर धोखाधड़ी मामले में एयरपोर्ट से दो गिरफ्तार, 4 लाख नकद व गैजेट जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हवाई अड्डे पर साइबर धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 4 लाख रुपये नकद, गैजेट जब्त हुए है। कोलकाता पुलिस के साइबर अपराध प्रभाग ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66सी/66डी और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 61(2), 318(4), 336(2), 336(3), 338 और 340(2) के तहत उक्त दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम सिद्धार्थ दोशी और शिव कुमार सोनकर है। इन्हें कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दबोचा गया। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद, उनके आवासों पर तलाशी ली गई। सिद्धार्थ दोशी कालीघाट पुलिस थाना के अंतर्गत स्वातिक अतुल्य अपार्टमेंट, फ्लैट 2डी, 192ए हरीश मुखर्जी रोड का निवासी हैं। उनके परिसर में





छापेमारी के दौरान, पुलिस ने दो मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, विभिन्न बैंकों के पांच डेबिट कार्ड और 4 लाख नकद बरामद किए। सभी वस्तुओं को उचित जब्ती सूची के तहत जब्त किया गया। जबकि, शिव कुमार सोनकर, मूल रूप से पोस्ता पुलिस थाना के अंतर्गत 22 आड़ी बांसतला गली, बड़ाबाजार का निवासी हैं, वर्तमान में श्यामपुकुर पुलिस थाना के अंतर्गत लक्ष्मी टावर, फ्लैट संख्या 3ए, 542/ए रवींद्र सरणी में रहता हैं। उसके आवास की तलाशी के दौरान, दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी बरामद वस्तुओं का दस्तावेज़ीकरण किया गया है। यह मामला पहचान की चोरी, छद्म नाम से धोखाधड़ी और वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित संभावित अपराधों से संबंधित है। आईटी अधिनियम और बीएनएस, 2023, दोनों के तहत लागू धाराओं के अनुसार कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ हाथ मिलाया

**कोलकाता :** भारत की जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने देश के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एक रणनीतिक कॉर्पोरेट एजेंसी साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य देशभर में व्यापक बीमा समाधान की पहुंच बढ़ाना है, ताकि सरकार के '2047 तक सभी के लिए बीमा' मिशन के तहत वित्तीय सुरक्षा को भारत के अविकसित और उभरते बाजारों तक पहुँचाया जा सके। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा: एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में, हम मानते हैं कि वित्तीय सुरक्षा एक मौलिक अधिकार है, कोई विशेषाधिकार नहीं। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के साथ यह साझेदारी हमारे साझा संकल्प को और मजबूत करती है।

## तारकेश्वर तीर्थयात्रियों के सेवार्थ शिविर का सफल समापन




**हुगली, समाज्ञा :** तारकेश्वर तीर्थयात्रियों के सेवार्थ नालिकुल स्थित संस्था में कांवड़ियों की सेवा हेतु शिविर दासपाढ़ा दालपट्टी सेवा समिति (नालिकुल) के प्रांगण में आगामी 3 अगस्त को सेवा कार्य सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर शीतल पेय जल, गन्ना जूस, रैली शर्बत, लॉजेन्स, बिस्कुट एवं जरूरतमंद कांवड़ियों के लिए मालिस की व्यवस्था किया गया था। इस अवसर पर समाज के विशिष्ट लोग उपस्थित थे। विजय जायसवाल, राकेश जायसवाल एवं आशोक गुप्ता, किशोर जायसवाल, कृष्णा गुप्ता, सन्तोष साव, विकाश जायसवाल (डब्बू), आकाश जायसवाल, आनन्द साव, अमित साव, विमला साव, शोभा साव, अंकित जायसवाल, सूरज गुप्ता के साथ दासपाढ़ दालपट्टी सेवा समिति के किशोर अग्रवाल, राजेश कुमार साह, जगत नारायण जायसवाल, राजेन्द्र कुमार झूनझुनवाला, सुरेश चन्द्र गुप्ता, जगदीश प्रसाद गुप्ता, रमेश चन्द्र गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता एवं पवन जायसवाल (गुड्डू) आदि समाजसेवी उपस्थित थे।

# हावड़ा मंडल ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा वीव्स एंड थ्रेड्स गतिविधियों का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के पहले चरण में तिरंगा वीव्स एंड थ्रेड्स शीर्षक से एक रचनात्मक और प्रेरणादायक श्रृंखला का आयोजन किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य स्कूली छात्रों में देशभक्ति की भावना का संचार करना और उन्हें भारतीय तिरंगे के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा राष्ट्रीय महत्व से परिचित कराना था। यह आयोजन भारतीय रेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में किया गया, जिसके तहत केंद्रीय विद्यालय बामनगाछी और केंद्रीय विद्यालय बंडेल में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने तिरंगे के रंगों में रचे-बसे क्राफ्ट, चित्र और बुनाई के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों




ने न केवल उनके भीतर रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया, बल्कि राष्ट्रध्वज के प्रति आदर और गौरव की भावना को भी प्रबल किया। इस अवसर पर बच्चों को तिरंगे के गौरवमयी इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में उसकी भूमिका से अवगत कराया गया। गतिविधियों के माध्यम से स्वतंत्रता, एकता और बलिदान जैसे मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी गई। हावड़ा मंडल इस प्रकार की पहलों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय एकता के भाव को प्रबल करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# सोसायटी बेनिफिट सर्कल ने चश्मों का निःशुल्क वितरण किया



**कोलकाता, समाज्ञा :** सोसायटी बेनिफिट सर्कल द्वारा हमीरगाछी स्थित संस्था के चिकित्सालय से चश्मों का निःशुल्क वितरण किया गया। इसमें करीब 62 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्में वितरित हुए। यह वितरण 40 दिनव्यापी प्राथमिक चिकित्सा शिविर के मध्य संचालित हुआ। अध्यक्ष पवन बंसल के साथ संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल नीम का थाना), मनीष धानुका, सुभाष गोयनका, महेश गोयनका, महेश काबरा, संजय थरड, पवन बैद, अरुण झुनझुनवाला, अनु मिश्र आदि की उपस्थित एवं योगदान से शिविर सुचारू रूप से संपन्न हुआ। यह सारी जानकारी संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान (चीकू भाई) ने दी।

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की महत्वाकांक्षी योजना 'हमारा मोहल्ला, हमारा समाधान' को लेकर जबरदस्त उत्साह

**हुगली :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना 'हमारा मोहल्ला, हमारा समाधान' को लेकर राज्यभर में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। खासतौर पर हुगली जिले में इस पहल ने जनता के बीच नई उम्मीदें जगाई हैं।

यह योजना आम नागरिकों को उनके वार्ड स्तर पर ही अपनी समस्याओं के समाधान का अधिकार देती है। अब लोग अपने मोहल्ले की शिकायतें सीधे समाधान शिविरों में दर्ज करा सकते हैं और प्रशासन उन्हें तीन महीने की समय सीमा में हल करने का प्रयास करेगा।

श्रीरामपुर नगर पालिका के चिक संतोष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि देश में इस तरह की आजादी के बाद पहली बार पहल



की गई है। अब लोगों को खुद अपनी समस्या का समाधान करने का अधिकार मिला है। कहा कि हर तीन मतदान केंद्रों पर एक समाधान केंद्र रहेगा।

16 प्रकार की सेवाओं पर शिकायत और सुझाव का प्रावधान - जैसे जल निकासी, सड़क मरम्मत, प्राथमिक शिक्षा, कचरा प्रबंधन आदि। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी प्रणाली के तहत संचालित होगी।

लोगों को प्रशासन से सीधा संवाद और समाधान का अवसर मिलेगा।

यह योजना 2 अगस्त 2025 को लॉन्च की गई और इसका उद्देश्य नागरिकों तक जन मुद्दों को सीधे पहुंचाना है।

सेवा की शुरुआत श्रीरामपुर नगरपालिका के 18 नंबर और 22 में नंबर वार्ड में शुरू किया गया, जिसमें करीब 1500 निवासियों ने भाग लिया और 250 लोगों ने अपनी शिकायतें और सुझाव दर्ज किए।

इस अवसर पर श्रीरामपुर उपखंड के एसडीओ शंभू दीप सरकार व अन्य प्रशासनिक अधिकारी श्रीरामपुर नगर पालिका के चेयरमैन गिरिधारी साहा, सीआईसी संतोष सिंह, स्थानीय पार्षद तियासा मुखर्जी समेत अन्य उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह योजना मिल का पत्थर साबित होगी। यह पहली बार है कि हमें खुद की समस्या का समाधान करने का अवसर प्रदान किया गया है।अब हमें अपनी समस्या लेकर दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा। हम जहां रहते हैं, वहीं समाधान मिलेगा। यह असली लोकतंत्र है।

## फूलबागान में पेट्रोल पंप मालकिन की पिटाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक तृणमूल नेता के खिलाफ पेट्रोल पंप मालिक पर हमला करने का मामला दर्ज किया गया है। आईएनटीटीयूसी नेता पर पंप के अंदर मालिक सुमन दास रॉय पर हमला करने का आरोप है। इस पूरी घटना के संबंध में फूलबागान पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। पंप मालिक सुमना का दावा है कि आईएनटीटीयूसी नेता कविता गुप्ता गत मंगलवार की दोपहर कई लोगों को लेकर आई। उन्होंने जबरन पेट्रोल पंप बंद करने को कहा। जब वे नहीं माने तो उन्हें बुरी तरह पीटा गया। सुमन ने कहा कि चूंकि, पहले वाले काम नहीं कर रहे थे, इसलिए पुलिस ने हमें नए लोगों के साथ काम शुरू करने को कहा। मैं नए कर्मचारियों के साथ काम कर रही थी। उस आईएनटीटीयूसी की कविता गुप्ता पंप में घुस आई। फिर पुराने कर्मचारियों ने मेरे बेटों के साथ मारपीट की। उन्होंने मुझ पर हमला किया। जो लोग मुझे बचाने गए उनके साथ भी मारपीट की।

# बारासात में घर में जमे बारिश के पानी में गिरकर अधेड़ की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**

बिराटी के बच्चे के बाद इस बार बारासात में अधेड़ व्यक्ति की बारिश के जमा पानी में गिरकर मौत हो गई है। मामले का पता चलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सायक चक्रवर्ती (40) के रूप में की गई है। बारासात थाना अंतर्गत लोकनाथ सरणी इलाके में लगातार बारिश के कारण काफी पानी भर गया है। लोगों के घरों में कमर तक पानी जमा है। स्थानीय लोगों का दावा है कि मंगलवार की रात शराब के नशे में सायक चक्रवर्ती घर में जमे पानी में औंधे मुंह गिर पड़े। बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने व्यक्ति का शव तैरता देखा और



पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही बारासात थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का दावा है कि वह व्यक्ति रोज़ रात को नशे में धुत होकर घर आता था। लेकिन कभी कोई दुर्घटना नहीं हुई। इसलिए, उनका दावा है कि अगर घर में पानी न होता, तो ऐसी स्थिति न होती।

## कोलकाता मेडिकल कॉलेज के परिसर में लगी आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में बुधवार को आग लग गई। हालांकि, इस घटना से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर करीब 1 बजे कॉलेज स्ट्रीट स्थित परिसर की ग्रीन बिल्डिंग के पास कूड़े के ढेर में मामूली आग देखी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रथम दृष्टया इस आग का कारण सिगरेट के जलते हुए टुकड़ों को माना गया है। अधिकारियों ने बताया कि दो दमकल गाड़ियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। उन्होंने कहा कि आग में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

# बरसात की बीमारियों से बचायें खुद को



पूनम दिनकर

बरसात के आते ही अनेक प्रकार की बीमारियाँ भी सिर उठाकर परेशान करने के लिए खड़ी हो जाती हैं। बरसात में होने वाली प्रमुख बीमारियों में मंदाग्नि, मलेरिया, खुजली, पित्ती उछलना, तथा सामान्य बुखार होती हैं। इसके साथ ही सर्दी, खांसी आदि का प्रकोप भी हो उठता है। बरसात में अपनी संपूर्ण हिफाजत करना तथा स्वस्थ रहना आपका दायित्व बन जाता है। बरसाती रोगों से बचने के कुछ प्रमुख घरेलू उपचार प्रस्तुत हैं:-

**मंदाग्नि:-** बरसात में पाचन शक्ति बहुत कमजोर हो जाया करती है जिससे भोजन पचने में बहुत दिक्कत होती है। भूख न लगना, पेट में गैस बनना, जलन, जी मिचलना आदि इसके लक्षण हैं। मंदाग्नि होने पर निम्नांकित उपचार कामयाब होते हैं-

- अदरक का रस, नींबू का रस, सेंधा नमक एक साथ मिलाकर भोजन के प्रारम्भ में नियमित लेते रहने से मंदाग्नि का शमन होता है और पाचन अग्नि बढ़ती है।
- सोंठ, कालीमिर्च, पीपर, सेंधा नमक सभी दस-दस ग्राम की मात्रा में लेकर कूट-पीसकर तथा छानकर रख लें। इसमें चार सौ ग्राम किशमिश मिलाकर चटनी बना लें। इसे शीशे के बर्तन में रख लें। इसमें से पांच से दस ग्राम की मात्रा में औषधि लेकर सुबह-शाम सेवन करते रहने से मंदाग्नि नष्ट होती है।

**खुजली:-** बरसात में खुजली का प्रकोप बहुत ही बढ़ जाता है। दूषित जल के संसर्ग में आने से यह रोग हाथ की अंगुलियों में सबसे पहले होता है, उसके बाद संपूर्ण शरीर में फैलता है। खुजली होने पर निम्नांकित उपचार करना हितकर होता है-

- अरहर की दाल को दही के साथ पीसकर लगाते रहने से तीन-चार दिनों में ही शरीर के किसी भी अंग की खुजली समाप्त हो जाती है।
- ताजे नारियल तथा टमाटर के रस को समान मात्रा में मिलाकर खुजली वाले स्थान पर लगाते रहने से खुजली समाप्त हो जाती है।
- संतरों के छिलकों को पीसकर खुजली वाले स्थान पर लगाते रहने से पुरानी से पुरानी खुजली तीन-चार दिनों के अन्दर ही ठीक हो जाती है।

**पित्ती उछलना:-** बरसात के मौसम में शरीर के ऊपर जगह-जगह पर लाल-लाल चकत्ते निकल आते हैं। चकत्तों में तीव्र खुजली होती है। पित्ती के चकत्ते होने पर निम्नांकित उपचार कारगर होते हैं-

- पुदीने को पीसकर उसमें से रस निकाल लें। उस रस में समान मात्रा में शहद मिलाकर या दस ग्राम शक्कर मिलाकर सुबह-शाम पीने से पित्ती रोग समाप्त होता है।
- अजवायन तथा गेरू को सिरके के साथ पीसकर शरीर पर लगायें तथा एक घंटे बाद स्नान कर लेने से पित्ती रोग से छुटकारा मिलता है।

**मलेरिया ज्वर:-** बरसाती मच्छरों के काटने से मलेरिया ज्वर का प्रकोप होता है। मच्छरदानी लगाकर सोना बरसात में लाभदायक होता है। मलेरिया ज्वर में निम्नांकित औषधियां कारगर होती हैं -

- करेले के तीन पत्तों को काली मिर्च (गोलकी) के तीन दानों के साथ पीसकर दिन में तीन बार मरीज को पिलाते रहने से मलेरिया ज्वर का शमन होता है।
- तुलसी के 6 पत्तों को एक काली मिर्च तथा एक पिप्पली के साथ मिलाकर पानी के साथ पीस लें। इसे चीनी-पानी के साथ मिलाकर पीते रहने से मलेरिया ज्वर ठीक हो जाता है।

**सामान्य ज्वर:-** बरसात के मौसम में भीगने से सामान्य ज्वर, जुकाम व खांसी हो जाया करती है। इनसे मुक्ति पाने के लिए निम्नांकित उपचार कारगर हैं-

- भोजन के बाद शहद में अदरक का रस मिलाकर चाटने से खांसी एवं बुखार ठीक होता है।
- चाय में आधा चम्मच दालचीनी, दो बड़ी इलायची एवं एक चुटकी सोंठ का चूर्ण मिलाकर पीने से बुखार व जुकाम शान्त होता है।
- सुबह में 7-8 तुलसी की पत्तियां तथा 3-4 काली मिर्च लेकर एक साथ चबाकर खाने से बुखार व जुकाम के साथ ही खांसी में भी आराम होता है। (स्वा. द.)

# स्वास्थ्य और सौंदर्य का शत्रु है धूम्रपान



आर. पी. भारद्वाज

आधुनिक समाज में पढ़े-लिखे युवक व युवतियां अपने को ऊंची संस्कृति का दिखाने हेतु कुछ विशिष्ट आदतें पाल लेते हैं जिसका शरीर पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है।

सौंदर्य बढ़ाने या दिखाने की होड़ ने समाज व देश को वह जहर देना शुरू कर दिया है जिसे पीकर आधुनिक युवक व युवतियां अपने को किसी फिल्म स्टार से कम नहीं समझते। नये-नये फैशन, नये-नये नशे व फिजू-लखर्ची समाज व देश को खोखला किए जा रहे हैं। इन खतरनाक नशों में सिगरेट का नशा भी है।

आधुनिक समाज में अपने को सभ्य मानने वाले स्टारों पर, वकीलों पर, उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों पर इसका प्रभाव अधिक मात्रा में पाया जाता है। इनमें अधिकतर सिगरेट का ही उपयोग करते हैं। सिगरेट से कभी भी सौंदर्य नहीं बढ़ता। स्वास्थ्य को यह निरंतर बिगाड़ता है। शरीर के समस्त महत्त्वपूर्ण अंगों पर इसका जो प्रभाव पड़ता है उसका विवरण देखें-

**चेहरा:-** सिगरेट पीने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है तथा सिगरेट का अधिक मात्रा में सेवन व्यक्ति को बुढ़ापे की तरफ अग्रसर करता है।

**आंख:-** धूम्रपान से आंखें लाल, भारी तथा बुझी-बुझी नजर आती हैं। आंखों के नीचे कालापन नजर आने लगता है।

**कान:-** इसका असर कान की तंत्रिकाओं पर भी पड़ता है। अधिक धूम्रपान से ठीक से सुनाई देना भी कम हो जाता है। कम सुनने वाला व्यक्ति फिर चिल्लाकर बात करता है।

**बाल:-** धूम्रपान से सुंदर व काले बाल जल्दी भूरे या सफेद हो जाते हैं। बालों का आकर्षण भी खत्म हो जाता है।

**गला:-** धूम्रपान से स्वरतंत्रा पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। मीठी-सुरीली आवाज में भारीपन आ जाता है। बात करने में संकोच होता है। गले में कफ जम जाता है। बार-बार गला साफ रखने के लिए थूकना पड़ता है जो बुरा प्रभाव छोड़ता है। कभी-कभी गले में कैंसर का कारण भी होता है।

**हाथ:-** नियमित धूम्रपान से हाथ काले, खुरदरे व बदबूदार हो जाते हैं।

**नाखून:-** काले-पीले व अनाकर्षक बन जाते हैं।

मुख:- धूम्रपान से मुख में दांत पीले पड़ जाते हैं, कई बार दांतों पर काले धब्बे भी पड़ जाते हैं। मसूढ़े भी काले व बदसूरत नजर आने लगते हैं। व्यक्ति खुलकर हंस भी नहीं सकता। मुंह से दुर्गन्ध आती है जो सांस में बदबू पैदा करती है।

**जीभ:-** धूम्रपान से स्वाद ग्रंथियां भी नष्ट हो जाती हैं जिसकी वजह से भोजन भी स्वाद नहीं लगता।

**नाक:-** धूम्रपान से नाक में श्लेष्मा अधिक तैयार होने लगता है। नाक बार-बार खींचना पड़ता है श्लेष्मा रोकने के लिए जिसे सहन करने में चेहरे की कोशिकाओं में खिंचाव आ जाता है।

**होंठ:-** नियमित रूप से गिरेट पीने से या सिगरेट का कश लेने से सुंदर या गुलाबी होंठ काले व बदसूरत बन जाते हैं। सिगरेट बार-बार जीभ पर घूमती है जो कई बार जीभ पर या मुंह में छाले बना देती है जो कभी-कभी गंभीर बन जाते हैं।


**दिल:-** धूम्रपान का कई गुणा प्रभाव दिल पर पड़ता है। हृदय की धड़कन की बढ़ाता है। दिल के कार्य की क्षमता को अधिक मात्रा में खत्म करता है। शादी के बाद पतनी पर तथा आने वाले बच्चे पर इसका प्रभाव नजर आता है।

**वातावरण:-** आस-पास रहने वाले व्यक्तियों पर तथा धूम्रपान का सेवन न करने वालों पर भी इसका प्रभाव पीने वालों से भी अधिक पड़ता है। वातावरण भी दूषित होता है। उस वायु पर प्रभाव पड़ता है जो सांस में हम ग्रहण करते हैं। स्वस्थ समाज में धूम्रपान का प्रभाव बड़ा ही खतरनाक है। (स्वा. द.)

# जब बजने लगे कान

यूं तो कान बजना एक मुहावरा है। शोर होने या बच्चों के द्वारा ज्यादा शोर करने पर सामने वाला पीड़ित व्यक्ति यह बोलता है किन्तु हम यहां कान बजना मुहावरे के बारे में न बात कर एक बीमारी के बारे में बताने जा रहे हैं।

कान में अपने आप शोर होना, सीटी बजने जैसी आवाजें आना एक बीमारी है जो सोते जागते हर वक्त व्यक्ति को अपने कानों पर सुनाई पड़ती हैं। यह कान के नर्वस सिस्टम की खामी के कारण होता है किन्तु इसकी उपेक्षा करने में परेशानी बढ़ सकती है। व्यक्ति अन्ततः बहरा भी हो सकता है।



कान बजने की बीमारी में व्यक्ति के कान में लगातार शोर, आवाज होती रहती है जबकि कान पकने की बीमारी में कान में संक्रमण, फफूंद के कारण कान अर्थात श्रवण यंत्रा की पतली-पतली हड्डियां गलने लगती हैं। कान की इन बीमारियों का सभी अन्य बीमारियों की भांति उपचार संभव है। इसकी अनदेखी करने या उपचार नहीं कराने पर श्रवण क्षमता प्रभावित हो जाती है और व्यक्ति अन्ततः बहरा भी हो सकता है।

**कान बजने का कारण:-** कान बजने को मेडिकल शब्दों में टिनीटिस कहा जाता है। यह कान में नर्वस प्राब्लम के कारण प्रकट होता है। बाहरी तौर पर इसका कोई लक्षण नहीं दिखता। किसी किसी को यह बी पी के बढ़ने, शुगर, बुखार या सर्दी जुकाम के कारण भी होता है।

बी पी, शुगर नार्मल हो, व्यक्ति स्वस्थ हो, तब यह कान का बजना नर्वस प्राब्लम के कारण ही होता है। यह कान के बाहरी भाग में चोट लगने के कारण नहीं होता किन्तु कान के समीप लाउडस्पीकर की लगातार तेज आवाज के कारण कान में ऐसी समस्या हो सकती है जिसे ध्वनि ट्यूमर कहा जाता है।

**लक्षण:-** इस बीमारी की स्थिति में अकेले व शान्तिपूर्ण जगह में भी बैठे रहने पर कान से आवाज आती रहती है। बिस्तर में सोते समय भी कान से शोर या आवाजें आती रहती हैं। आगे चलकर धीरे-धीरे इसके कारण अन्य महीन आवाजें कानों तक आनी बंद हो जाती हैं। कान का शोर भी सब पर हावी हो जाता है और व्यक्ति बहरा होता जाता है।

**उपचार:-** कान भी अन्य इन्द्रियों की ही तरह अत्यन्त संवेदनशील एवं मनुष्य के लिए जीवनोपयोगी हैं। सभी इन्द्रियों के समान ही इसकी उपादेयता को देखते इसकी भी यथोचित देखभाल व बचाव के उपाय करने चाहिए।

सिर से जुड़े तीन मुख्य अंग कान, नाक व गले का आपस में भीतरी तौर पर भी संबंध है। तीनों के रोग एवं उपचार के लिए एक ही चिकित्सक होता है। कान, नाक एवं गले का डॉक्टर इस कान बजने की शिकायत को अपने ढंग से मशीनी एवं प्रत्यक्ष जांच करता है। वह कान के श्रवण यंत्रा की स्थिति व श्रवण क्षमता की जांच करता है। कुछ अन्य जांच उपाय भी करता है। बी. पी., शुगर, बुखार, सर्दी जुकाम या अन्य बीमारियों की स्थिति मौजूद न होने पर ही कान बजने (टिनीटिस) की दवा देता है। ईएनटी स्पेशलिस्ट चेकअप कर निष्कर्ष के अनुरूप जो दवा देता है उससे इस रोग से कुछ दिनों में ही राहत मिल जाती है। एक'डेढ़ माह की दवा के बाद यह लगभग ठीक हो जाता है।

**सावधानी:-** ब्लडप्रेशर के मरीज बी. पी. को काबू में रखें। शुगर को नियंत्रित रखें। बुखार व सर्दी जुकाम को लंबा होने न दें। कान की सफाई पर ध्यान दें। कान में कोई भी अवांछित चीज या द्रव्य न डालें। डी. जे. लाउडस्पीकर, टी. वी. म्यूजिक सिस्टम, पटाखों आदि के तेज शोर से बचें। समय-समय पर कान की जांच कराएं। (स्वा. द.)

# आई फ्लू-एक खतरनाक रोग

आंखों में सूजन, जलन, अधिक पानी आना, ये सब आई फ्लू के लक्षण हैं। कई लोग इसे साधारण रोग मानकर घरेलू दवाएं या फिर अयोग्य चिकित्सकों से दवाइयां लेते रहते हैं मगर डॉक्टरों के अनुसार यह एक खतरनाक एवं संक्रामक रोग है।

यह रोग आमतौर पर विषाणुओं और जीवाणुओं द्वारा फैलता है। कुत्ते, बिल्ली जैसे पालतू जानवरों को भी यह रोग हो सकता है। यह एक संक्रामक रोग है जो स्पर्श करने से भी फैल जाता है।

जब आई फ्लू होने के लक्षण दिखाई देने लगें तो तुरंत डॉक्टरी सलाह लेनी चाहिए वर्ना आंखें खराब होने का खतरा बना रहता है।

डॉक्टरों के अनुसार आई फ्लू का जीवाणु आंख की सफेद झिल्ली पर आक्रमण करता है तो वह सूज कर लाल हो जाती है और आंख में खुजली होने लगती है व तेज दर्द भी होता है।

### सावधानियां:

- आई फ्लू होने पर कई सावधानियां रखनी आवश्यक हैं वर्ना आप अपनी आंखें गंवा सकते हैं।
- कुत्ते, बिल्ली जैसे पालतू जानवरों से दूर रहें।
- आई फ्लू के रोगी व्यक्ति से हाथ न मिलाएं।
- दूसरों का रूमाल, तौलिया व चश्मा आदि का कदापि प्रयोग न करें।
- तेज हवाओं तथा धूप से बचने के लिए चश्मे का इस्तेमाल करें।
- अपने शरीर की नियमित सफाई करें।

### उपचार कैसे करें:-

आई फ्लू पर काबू पाने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि साफ व ठंडे पानी से आंखों को बिना मले बार-बार धोएं। सूजन या अधिक खुजली होने पर खाने वाली एन्टी एलर्जिक दवाओं का सेवन करें। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि किसी भी दवा का प्रयोग चिकित्सक की सलाह के बिना न करें।

# स्वास्थ्य के लिए अच्छे नहीं हैं रूम फ्रेशनर

उमेश कुमार साहू

हाल ही में की गई एक खोज से प्राप्त नतीजों के आधार पर शोधकर्ताओं का कहना है कि रूम फ्रेशनर या घरों को सुगंधित रखने के लिए उपयोग की जाने वाली अन्य चीजें बच्चों और माताओं में अवसाद का कारण बनती हैं। शोधकर्त्ताओं का कहना है कि इन चीजों का उपयोग सीमित मात्रा में ही किया जाना चाहिए।

ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी द्वारा कराए गए इस सर्वेक्षण में उन बच्चों को शामिल किया गया था जिनका जन्म 1990 के दशक में हुआ था। साथ ही शहर के लगभग 14 हजार परिवारों के स्वास्थ्य और उनके जीवन स्तर का भी विश्लेषण किया गया था। इसमें पाया गया कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इन खुशबूओं के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस सर्वेक्षण का नेतृत्व करने वाले डॉ. एलेक्स फैरो के अनुसार रूम फ्रेशनर का सीधा संबंध सिरदर्द, दस्त और उल्टी होने से है जो बच्चों और महिलाओं में होता है।

वे कहते हैं कि यह खुशबूदार पदार्थ और घरों में मौजूद अन्य सामान मिलकर वाष्पित होने वाले कार्बनिक पदार्थों का एक जटिल मिश्रण बन जाते हैं। यह शिशुओं और गर्भवती महिलाओं के लिए ज्यादा हानिकारक होते हैं, क्योंकि ये लोग अपना 80 प्रतिशत समय घरों में ही बिताते हैं। बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। (स्वा. द.)

# स्पर्म को स्वस्थ बनाए रखने के लिए

नीतू गुप्ता

मेट्रो सिटीज की लाइफ इतनी तेज रफ्तार से भाग रही है कि आधुनिक लाइफ स्टाइल उनके स्वास्थ्य पर कितना कुप्रभाव डाल रहा है, इस ओर उनका ध्यान ही नहीं जाता। भविष्य में वे किन मुश्किलों में घिर सकते हैं, उस बारे में सोचने के लिए उनके पास समय ही नहीं है। बस उनकी सोच आज तक ही सीमित है। ऐसे में पुरूष भी पीछे नहीं। आज काफी संख्या में पुरूष स्पर्म प्रॉडक्शन की कमी से जूझ रहे हैं। इस परेशानी से कैसे बचा जाए, जानते हैं एक्सपर्ट्स के विचार।

### धूम्रपान से करें परहेज:-

दोस्तों के साथ गप्पें मारने के लिए स्मोकिंग ब्रेक अधिकतर युवाओं को अच्छा लगता है पर वे जानते हुए भी अंजान रहते हैं कि धूम्रपान के सेवन से उनकी सेक्सुअल लाइफ कितनी प्रभावित होती है। एक शोध के अनुसार धूम्रपान से सेक्सुअल लाइफ के साथ साथ स्पर्म प्रॉडक्शन पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। इस समस्या से आपको बाद में जूझना न पड़े, इसलिए धूम्रपान से दूरी बना कर रखें।

### अधिक दवाइयों का सेवन भी नुकसान पहुंचाता है:-

अगर आप सचमुच में किसी बीमारी से जूझ रहे हैं तो दवाई का सेवन करना ही पड़ेगा पर डॉक्टर से इसके स्पर्म पर होने वाले प्रभाव की जानकारी ले लें। कुछ दवाइयां ऐसी होती हैं जो स्पर्म के प्रॉडक्शन पर प्रभाव डालती हैं। इसका प्रभाव आपके पार्टनर के कसीव करने पर पड़ सकता है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने वाली और एंटी साइकोटिक दवाइयां स्पर्म पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। कोई दवा आप लगातार ले रहे हैं और उससे आपकी सेक्स करने की इच्छा कम हो रही हो तो डॉक्टर से अवश्य पूछें।

### अधिक गर्मी भी पहुंचाती है नुकसान:-

अधिक गर्मी स्पर्म के प्रॉडक्शन पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। अपने स्पर्म को स्वस्थ रखने हेतु अंडरवियर, पैंट और जीन टाइट फिटिंग के न पहनें ताकि टेस्टिकल्स आराम से सांस ले सकें और अंदर का तापमान भी नार्मल बना रहे। अधिक टाइट कपड़ों से अंदर का तापमान बढ़ जाता है और टेस्किल्स भी आराम से सांस नहीं ले सकते। सर्दी में अधिक गर्म पानी अपने प्राइवेट पाटर्स पर न डालें। गुनगुना पानी ही प्रयोग में लाएं। गर्मी के दिनों में अपने टेस्टिकल्स को ठंडे पानी में कुछ समय के लिए डुबोकर रखें।



हैल्दी डाइट लें:- हैल्दी डाइट सीधे तौर पर आपके स्पर्म प्रॉडक्शन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। हैल्दी स्पर्म के लिए हैल्दी डाइट लेना अति आवश्यक है। जंक फूड में स्वाद और कैलोरी के अतिरिक्त कुछ भी नहीं होता। प्रोटीन और विभिन्न विटामिन युक्त आहार नियमित लें।

सड़क छाप डॉक्टरों के इलाज से बचें:- अगर कंसीव करने में समस्या आ रही है या स्पर्म का कम प्रॉडक्शन होने की समस्या है तो झोला छाप डॉक्टरों से परामर्श न करें। विशेषज्ञों के पास जाएं और उचित टेस्ट के बाद उचित इलाज ही करें। आयुर्वेदिक दवाएं भी स्पर्म प्राडक्शन में कारगर हैं।

### मोटापे से स्वयं को बचा कर रखें:-

मोटापा सभी बीमारियों की जड़ है। इसमें स्पर्म प्रॉडक्शन पर भी प्रभाव पड़ता है। मोटापे से कई अन्य बीमारियां भी घर कर लेती हैं। थायराइड और मोटापे का भी गहरा संबंध है। इससे भी स्पर्म प्रॉडक्शन प्रभावित होता है। नियमित व्यायाम से और उचित खानपान से मोटापे को नियंत्राण में रखें। अपने मोटापे की वजह भी ढूंढें कि क्या कारण हैं जो मोटापा बढ़ रहा है।

### लैपटॉप को लैप में रखकर प्रयोग न करें:-

आजकल लैपटॉप तो सभी के पास होता है क्योंकि यह बिजनेस और नौकरी करने वालों की जरूरत बन गया है पर ध्यान दें इसे गोद में लेकर प्रयोग न करें क्योंकि इससे निकलने वाली गर्मी सीधे आपके अंडकोष को प्रभावित करती है। इससे वहां का टेम्-परेचर बढ़ जाता है जिससे स्पर्म प्राडक्शन प्रभावित हो सकता है। लैपटॉप को मेज पर रख कर ही प्रयोग में लाएं।

### गलतफहमी से दूर रहें:-

सेक्स के दो जरूरी पार्ट हैं, पहला जीवन का अंतरंग आनंद और दूसरा संतानोत्पत्ति। सेक्स शादीशुदा जिंदगी का महत्त्वपूर्ण अंग है। इसकी वैल्यू को कम न करने के लिए सेक्सुअल रिलेशन्स मेंटेन रखें। आप चाहें तो प्रतिदिन सेक्स सुख भी ले सकते हैं। इससे स्पर्म कम नहीं होते क्योंकि कंसीव करने के लिए तो एक स्पर्म की ही आवश्यकता पड़ती है। स्वा. द.)

# वजन पुनः बढ़ने से रोकें

अशोक गुप्त

जिन लोगों का वजन एक बार बढ़ जाए, वे यह जानते हैं कि प्रयत्न करने पर वजन घटाया तो जा सकता है किंतु इसे पुनः बढ़ने से रोकना बहुत कठिन काम है। अधिकतर लोगों का वजन कम करने के पश्चात पुनः बढ़ जाता है। ऐसे में क्या किया जाए कि घटा हुआ वजन फिर से न बढ़े।

### अधिक रेशा खाएं

प्रायः वजन घटाने के लिए हमें भोजन में कटौती करनी पड़ती है किंतु इतनी कटौती करना भी अच्छा नहीं कि हमें तृप्ति का एहसास न हो और भूख हमारे दिल-दिमाग पर हावी रहे। अपने भोजन में सब्जियों, फलों और अनाज की मात्रा बढ़ाकर और मीठा, मांस, चीज़ और तले हुए पदार्थों की मात्रा काफी घटा कर हम अपने शरीर व मन को संतुष्टि दे सकते हैं क्योंकि अधिकतर रेशे वाले पदार्थ हमारा पेट जल्दी भर देते हैं और इनमें कैलोरी की मात्रा भी काफी कम होती है।

अधिक रेशे वाले पदार्थ खाना केवल वजन घटाने के लिए नहीं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी महत्त्वपूर्ण है। हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि हमारे द्वारा खाई गई कैलोरी का 55 प्रतिशत भाग कार्बोहाइडेऋट (फल, आलू, दुधं, अनाज) से आए जबकि केवल 15 प्रतिशत भाग प्रोटीन से आए। वसा से प्राप्त कैलोरी की मात्रा किसी भी हालत में 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

भोजन धीरे खाने की आदत डालें। भोजन शुरू करने से हमारे दिमाग में तृप्ति की भावना पहुंचने तक लगभग 20 मिनट का समय लगता है। अतः 20 मिनट तक आप चाहे जितना भी भोजन तेज गति से खा लें, आपको संतुष्टि नहीं होगी।

**चुस्ती लाइए:-** अपने दैनंदिन जीवन में थोड़ी चुस्ती लाकर आप लगभग 250 कैलोरी अतिरिक्त खर्च कर सकते हैं। घर में यदि आप बैठ सकते हैं तो लेटें नहीं, यदि चल सकते हैं तो बैठे नहीं। किसी न किसी बहाने चलते रहें टेलीविज़न रिमोट से बंद करने की बजाय स्वयं उठकर बंद कीजिए।

हममें से प्रायः अधिकतर लोग लेट कर टेलीविजन देखते हैं। यदि आप इस आदत को बदल नहीं सकते तो लेटे-लेटे हवा में साइकिल चलाते रहें। यदि आप कार्डलेस या सेलुलर फोन पर बात कर रहे हैं तो बात करते-करते चलते रहें। यदि तार वाले फोन का प्रयोग कर रहे हैं तो बैठ कर बात करने की बजाय खड़े होकर बात करें। लिफ्ट की बजाय सीढ़ी का प्रयोग करें।

जहां तक संभव हो, नौकर का प्रयोग कम से कम करें। अपने पीने के लिए पानी रसोई से स्वयं लें और अपने बर्तन रसोई में स्वयं रख कर आएं।

यदि आप कार्यालय में काम करते हैं तो थोड़ी-थोड़ी देर बाद अपनी कुर्सी छोड़कर खड़े हो जाएं और कार्यालय में थोड़ी सी चहलकदमी कर आएं।

**वेट लिफ्टिंग:-** वेट लिफ्टिंग सब लोगों के लिए संभव नहीं है किंतु यह वजन काबू में रखने का सक्षम ढंग है क्योंकि वेट लिफ्टिंग से हमारी चर्बी मांसपेशियों में बदल जाती है जिससे शरीर की चयापचय दर तेज हो जाती है और अधिक खाने पर भी हमारा वजन नहीं बढ़ता। इस प्रकार हम एक बार वजन घटाकर उसे स्थिर रख सकते हैं और हमें वजन पुनः बढ़ने संबंधी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। (स्वा. द.)



# सेहत की खबरें

## लाखों जानें लील लेता है तंबाकू

हमारे देश में हर साल लाखों जानें चली जाती हैं तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों से। विश्व स्वास्थ्य संगठन के ताजा आंकड़ों के अनुसार विश्व में हर साल 50 लाख से अधिक लोग असमय काल ग्रसित हो जाते हैं।

तंबाकू चबाने वाले लोगों में मुंह के, गले के, अग्नाशय के कैंसर की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। धूम्रपान से फेफड़ों का कैंसर, दिल की बीमारी, टीबी, दमा, तथा सांस की बीमारी साथ ही इनके संपर्क में रहने वाले लोगों में भी इन बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

इसी तरह तंबाकू वाले पान मसाले तथा गुटखे का सेवन करने वाले के मुंह में सफेद दाग़, छाले और घाव हो जाते हैं।

## साइकिल चलाइए: हृदय रोग भगाइए

नई दिल्ली के हार्ट केयर फॉउंडेशन के अनुसार साइकिल चलाने से हृदय रोग से काफी आराम मिलता है। यह फायदेमंद है। साइकिल चलाने से शरीर में कुछ ऐसे रसायन पैदा होते हैं जो हृदय की रक्षा करते हैं।

हृदय रोग का प्रमुख कारण है धूम्रपान तथा मानसिक तनाव। जब हम अत्यधिक तनाव में होते है तो शरीर में हुए रसायनिक परिवर्तन हृदय के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं।

## व्यायाम गर्भधारण में बाधक है

आजकल फैशन के दौर में महिलाएं खुद को फिट रखने के लिए नियमित व्यायाम करती हैं पर इस खतरे से अनजान होती हैं कि यह उन्हें जिंदगी भर के लिए रूला सकता है। बोस्टन के हारवर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हैल्थ की डॉ. फिश्य कहती हैं कि नियमित व्यायाम गर्भधारण में कठिनाई उत्पन्न करते हैं। हाल की खोजों से पता चला है कि जो महिलाएं प्रतिदिन तीन कि. मी. दौड़ती हैं उनके मासिक धर्म में गड़बड़ी शुरू हो जाती है जिससे वे बांझ तक हो सकती हैं।

एक अनुसंधान के अनुसार खेलकूद में भाग लेने वाली किशोरियों को पन्द्रह-सोलह वर्ष की आयु तक भी मासिक स्राव नहीं होता-क्योंकि आव्यूलेशन, गर्भधारण और गर्भावस्था के लिए बहुत अधिक कैलोरी की जरूरत होती है।

## नदियों के पानी से स्वास्थ्य को खतरा

नदी के पानी में कैडमियम, कोबाल्ट, कोरोनियसम, तांबा, लोहा, मैंगनीज, निकल, सीसा, और जस्ता जैसी भारी धातुएं होने से तटवर्ती के लोगों को कई तरह के गंभीर रोग जिनमें गुर्दे की खराबी भी शामिल है, हो सकते हैं। यह बात हाल ही के एक अध्ययन में सामने आयी है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है गंगा, यमुना, काली और हिरण नदियों के किनारे बसे लोगों की बीमारियां, क्योंकि इनमें अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में भारी धातुएं हैं।

भारी धातुओं का असर पिछले तीन दशक में बहुत रंग दिखा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार औद्योगिक बस्तियों की बढ़ती तादाद तथा नदियों में कारखानों की गंदगी जल को प्रदूषित कर रही है जो आदमी तथा मछली, दोनों के लिए खतरनाक है। दूषित मछलियां खाने से जापानी नागरिक परेशान हैं। कई तो असमय मर गये।

## शाकाहार अपनाइये, हृदयरोग व कैंसर से बचिये

यूं तो शाकाहार का अपना ही महत्त्व है पर जर्मनी में खाद्य अनुसंधान संस्थान में पोषण संकाय के निदेशक प्रो. जेरहार्ड रिचमेकर के अनुसार शाकाहारी भोजन से कैंसर व हृदय रोगों से बचा जा सकता है। शाकाहारी भोजन में उपस्थित 'कैरोटीनाइड' हृदयाघात, तथा कैंसर से बचाव करता है। यह टमाटर, गाजर तथा पालक में अधिक पाया जाता है। संस्थान में हुए एक और अध्ययन से पता चला है कि कम से कम रोज दो ग्लास टमाटर का जूस पीने से शरीर की प्रतिरक्षण क्षमता बढ़ जाती है।

## कम उम्र का गर्भ: गर्भाशय कैंसर को न्यौता

कम उम्र में विवाह और फिर गर्भधारण की परम्परा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को दावत देती है। एक अध्ययन के अनुसार 20 वर्ष से कम उम्र में मां बनने से गर्भाशय ग्रीवा में कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा कम उम्र के विवाह से अनेक बीमारियां उत्पन्न हो जाती है। एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में हर साल तकरीबन 80 हजार महिलाएं गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित हो जाती हैं। (स्वा. द.)

## बीसीसीआई को राहत, सरकारी सहायता लेने वाले महासंघ ही आरटीआई के दायरे में आयेंगे

**नयी दिल्ली :** खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के आरटीआई संबंधी प्रावधान में संशोधन किया है जिसके तहत केवल उन्हीं संस्थाओं को इसके दायरे में रखा गया है जो सरकारी अनुदान और सहायता पर निर्भर हैं और इससे बीसीसीआई को काफी राहत मिली होगी। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने 23 जुलाई को लोकसभा में यह बिल रखा जिसके प्रावधान 15 (2) में कहा गया है कि 'किसी मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण माना जाएगा।' आरटीआई बीसीसीआई के लिए एक पेचीदा मुद्दा रहा है जिसने इसके अंतर्गत आने का लगातार विरोध किया है क्योंकि बोर्ड अन्य राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के विपरीत सरकारी सहायता पर निर्भर नहीं है। विधेयक में संशोधन से इन आशंकाओं पर विराम लग गया। एक जानकार सूत्र ने बताया, 'संशोधित प्रावधान सार्वजनिक प्राधिकरण को एक ऐसी संस्था के रूप में परिभाषित करता है जो सरकारी धन या सहायता पर निर्भर है। इस संशोधन के साथ सार्वजनिक प्राधिकरण की स्पष्ट परिभाषा हो गई है।' सूत्र ने कहा, 'अगर ऐसा नहीं किया जाता तो यह एक अस्पष्ट क्षेत्र होता जिसके कारण विधेयक अटक सकता था या उसे अदालत में चुनौती दी जा सकती थी। इसलिए सार्वजनिक धन से जुड़ी कोई भी चीज़ आरटीआई के दायरे में आएगी।'

## बुमराह के बिना भारत की जीत महज संयोग, उनकी क्षमता असाधारण: तेंदुलकर

**मुंबई :** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट जीतना महज 'संयोग' था और यह करिश्माई तेज गेंदबाज अब भी 'असाधारण और अविश्वसनीय' है। बुमराह हाल में इंग्लैंड में खत्म हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में से तीन मैच में ही खेले थे। श्रृंखला में कम अनुभव वाली भारतीय टीम इसके बावजूद इंग्लैंड से 2-2 से ड्रॉ खेलने में कामयाब रही। भारतीय टीम ने जो दो मैच जीते उनमें कार्यभार प्रबंधन योजना के कारण बुमराह का नहीं खेलना पहले से ही तय था। तेंदुलकर ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में बर्मिंघम और द ओवल में भारत की जीत महज संयोग थी। उन्होंने बुमराह के तीन टेस्ट मैच में प्रदर्शन के बारे में बात की। इस तेज गेंदबाज ने श्रृंखला में कुल 14 विकेट लिए। तेंदुलकर ने 'रेडिट' पर श्रृंखला के अपने वीडियो विश्लेषण में कहा, 'बुमराह ने सही में अच्छी शुरुआत की, पहले टेस्ट (पहली पारी) में पांच विकेट लिए। वह दूसरा टेस्ट नहीं खेले लेकिन तीसरे और चौथे टेस्ट में खेले। फिर इन दो टेस्ट में से एक में उन्होंने पांच विकेट झटके।' उन्होंने कहा, 'बुमराह ने जो तीन टेस्ट खेले, उनमें से दो में उन्होंने पांच विकेट लिए। मुझे पता है कि लोग कई बातों पर चर्चा कर रहे हैं कि हम उन टेस्ट मैच में जीते जिनमें वह नहीं खेले। मुझे लगता है कि यह महज एक संयोग है।'

### पंजाब, झारखंड सब जूनियर हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में

**चेन्नई :** पंजाब और झारखंड ने बुधवार को अपने मुकाबले जीत कर 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, जहां दोनों एक-दूसरे से भिड़ेंगे। दिन के पहले सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराया जिसमें सुखदेव सिंह ने दो गोल दागे जबकि मंदीप सिंह और वरिंदर सिंह ने एक एक गोल किया। उत्तर प्रदेश के लिए हर्ष प्रताप सिंह, अली शाहरूख और कप्तान केतन कुशवाहा ने गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया।

# गिल आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित




**दुबई :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ की। गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने श्रृंखला में किसी भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा। गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए।' आईसीसी ने कहा, 'उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई।' उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।' आईसीसी ने कहा कि गिल ने नंबर चार पर सर्वकालिक महान विराट कोहली की विरासत को आगे बढ़ाया।

### आईसीसी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 15वें स्थान पर पहुंचे सिराज

**दुबई :** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। सिराज ने मैच में नौ विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई। उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ केवल तीन टेस्ट मैच खेले। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ 59वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए। इस तरह से वह और सिराज किसी एक टेस्ट की दोनों पारियों में चार या इससे अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल में श्रृंखला में अपने दूसरे शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में लौट आए। जायसवाल तीन स्थान ऊपर पहुंचे और उनके 792 अंक हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं, जो एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह पैर की चोट के कारण पांचवां टेस्ट नहीं खेल सके थे।

## चार मुक्केबाज अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी के फाइनल में



**बैंकॉक :** भारत के चार मुक्केबाज यहां अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। नीरज ने दक्षिण कोरिया के योंगहो बांग को पुरूषों के 75 किलो वर्ग में 5-0 से हराया। वहीं पुरूषों के 90 प्लस किलो वर्ग में ईशान कटारिया ने चीन के चेन चेन को मात दी जब तीन दौर के बाद रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। महिलाओं के 57 किलो वर्ग में यात्री पटेल ने वियतनाम की थि नुंग क्वांड को 5-0 से हराया। प्रिया ने 60 किलो वर्ग में उजबेकिस्तान की ओडिनाखोन इसमोइलोवा को हराया। रॉकी चौधरी का ईरान के सैम एस्ताकी के खिलाफ मुकाबला दूसरे दौर के बाद रोकना पड़ा क्योंकि उनकी दोनों भौहों के ऊपर कट लग गया था। हर्ष (60 किलो) और मयूर (90 किलो) भी अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों से हार गए। हर्ष को उजबेकिस्तान के शोहरूह अब्दुमालिकोव ने 5-0 से हराया। वहीं मयूर को उजबेकिस्तान के ही शाखजोद पोल्वोनोव ने मात दी। अंकुश को कजाखस्तान के संजार अली बेगालियेव ने 5-0 से हराया। भावना शर्मा महिलाओं के 48 किलो वर्ग में हार गई जबकि पार्थवी ग्रेवाल (60 किलो), प्रांजल यादव (65 किलो) और श्रुति (75 किलो) को भी सेमीफाइनल में हारकर कांस्य से संतोष करना पड़ा।

## स्टोक्स की टिप्पणी पर अश्विन ने कहा, बोलने से पहले सोचें, कर्म तुरंत सामने आते हैं



**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल करने को लेकर बेन स्टोक्स की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि इंग्लैंड के कप्तान को बोलने से पहले सोचना चाहिए था, क्योंकि तब उनके कर्म तुरंत ही सामने आ गए थे जब पांचवें टेस्ट में क्रिस वोक्स के कंधे में चोट लगने के बाद उन्हें एक बल्लेबाज की कमी खल रही थी। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैनचेस्टर में ड्रॉ हुए चौथे टेस्ट के पहले दिन रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। स्कैन में उनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि होने के बावजूद वह अगले दिन बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे थे। इसके बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के स्थान पर अन्य खिलाड़ियों को शामिल करने की बात कही थी, जिसे स्टोक्स ने खारिज करते हुए 'बेहद हास्यास्पद' बताया था। ओवल में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा जब वोक्स के कंधे में फ्रैक्चर हो गया लेकिन फिर भी वह अंतिम दिन बल्लेबाजी करने उतरे। उस समय इंग्लैंड के नौ विकेट गिर चुके थे और उसे जीत के लिए 20 से भी कम रन की जरूरत थी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, 'एक तमिल कहावत है जिसका मोटे तौर पर अनुवाद है आपके कर्म आपको लगभग तुरंत प्रभावित करेंगे। आप जो बोते हैं, वही काटते हैं।' उन्होंने कहा, 'आखिरी टेस्ट से पहले पंत की चोट के बारे में सवाल पूछे गए थे। गौतम गंभीर ने कहा था कि ऐसी चोटों के लिए नए खिलाड़ी को टीम में शामिल करना चाहिए। जब स्टोक्स से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसे मज़ाक बताकर टाल दिया। मैं स्टोक्स के कौशल और उनके रवैये का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं लेकिन वह सोच-समझकर जवाब दे सकते थे।'

### अनुराग ठाकुर एक बार फिर बीएफआई चुनावों के लिए अयोग्य घोषित

**नयी दिल्ली :** पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को एक बार फिर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया और 21 अगस्त को होने वाले चुनावों के लिए बुधवार को जारी निर्वाचक मंडल से उनका नाम हटा दिया गया। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ (एचपीबीए) ने ठाकुर और इसके अध्यक्ष राजेश भंडारी को आम सालाना बैठक (एजीएम) के लिए अपने दो प्रतिनिधियों के रूप में नामित किया था। बैठक का मुख्य एजेंडा 2025-2029 के कार्यकाल के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव कराना है। हालांकि बीएफआई की अंतरिम समिति ने जांच के बाद 66 सदस्यीय निर्वाचक मंडल जारी किया जिसमें ठाकुर का नाम शामिल नहीं था।

## सिराज का सामना करना बल्लेबाजों के लिये हमेशा चुनौतीपूर्ण : मोईन अली




**लंदन :** इंग्लैंड के पूर्व हरफनमौला मोईन अली का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की दिलेरी और विषमताओं में घुटने नहीं टेकने का उनका जज्बा उन्हें दूसरों से अलग करता है और किसी भी बल्लेबाज के लिये उनका सामना करना चुनौतीपूर्ण है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने वाले सिराज ने 23 विकेट चटकाये। मोईन ने जीएफएस डेवलपमेंट्स द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'सिराज इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में शानदार रहा है। उसकी ऊर्जा, आक्रामकता और निरंतरता शानदार रही है। वह भारत के लिये मैच विनर है और बल्लेबाजों के लिये उसका सामना करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है।' उन्होंने कहा, 'सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात गेंद पर नियंत्रण की उसकी काबिलियत है। वह दिलेर है और कभी हार नहीं मानता। यही बात उसे खास बनाती है। उसने जो प्रभाव छोड़ा है, उसका पूरा श्रेय उसको जाता है।'

समाज्ञा
व्यापार

## पेटीएम अब पूरी तरह से भारतीय कंपनी, चीनी स्वामित्व समाप्त

**नयी दिल्ली :** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का स्वामित्व अब पूरी तरह से भारतीयों के हाथ में है। करीब नौ साल पहले पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कंपनी के स्वामित्व ढांचे के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा था, 'हम मारुति जितने ही भारतीय हैं।' यह कथन जिसे कभी प्रतीकात्मक माना जाता था, अब वास्तविकता को दर्शाता है जहां पेटीएम अब भावना और शेयरधारिता दोनों ही दृष्टि से पूरी तरह से भारतीय कंपनी बन गई है। उद्योगपति जैक मा की कंपनी एंट फाइनेंशियल ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी समूची 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3,980 करोड़ रुपये में बेच दी है। सौदे की रूपरेखा से अवगत एक व्यक्ति ने कहा, 'पेटीएम अब टाटा की तरह ही भारतीय है।' यह परिवर्तन एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बी वी के हाल ही में बाहर निकलने के साथ आधिकारिक हो गया, जिसने एक थोक सौदे के माध्यम से पेटीएम में अपनी शेष 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 3,800 करोड़ रुपये में बेच दी। इसके साथ ही कंपनी में चीनी स्वामित्व शून्य हो गया है, जो इसकी शेयरधारिता में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। विजय शेखर शर्मा ने 2016 में भारत की विकास गाथा के प्रति पेटीएम की गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी और कंपनी के भारतीय मूल्यों एवं राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ उसके तालमेल पर जोर दिया था।

# मौजूदा अनिश्चितताओं, मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण रेपो दर को यथावत रखा : मल्होत्रा



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं, नीतिगत दरों में एकबारगी बड़ी कटौती और मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण केंद्रीय बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में मल्होत्रा ने वृद्धि को समर्थन देने के लिए आरबीआई की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 6.5 प्रतिशत की वृद्धि अपेक्षा से धीमी है। मल्होत्रा ने कहा कि छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) सतर्क रहेगी और दरों पर उचित निर्णय लेने के लिए सभी आने वाले आंकड़ों पर नजर रखेगी। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि दरों में कटौती की संभावनाएं कम होती जा रही हैं। ब्याज दरों को यथावत रखने के सर्वसम्मत निर्णय के कारणों को गिनाते हुए मल्होत्रा ने कहा, 'हमने फरवरी से जून तक चार महीने की छोटी अवधि में रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती की है। इसका लाभ अब भी मिल रहा है।' शुल्क वार्ताओं और अस्पष्ट भू-राजनीतिक पहलुओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वैश्विक अनिश्चितताएं कायम हैं। इसके अलावा बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति ने भी नीतिगत निर्णय को प्रभावित किया। ब्याज दरों में कटौती के बावजूद ऋण वृद्धि में तेजी नहीं आने के बारे में सीधे तौर पर अपने विचार व्यक्त किए बिना गवर्नर ने कहा कि कुछ हद तक लाभ हस्तांतरण अभी होना बाकी है। उन्होंने कहा कि यदि ब्याज दरें कम होती हैं, तो इससे ऋण में वृद्धि होगी और समग्र वृद्धि की गति भी बढ़ेगी।

### आरबीआई के लिए लोगों का हित सबसे ऊपर: गवर्नर संजय मल्होत्रा

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि हमारे लिए देश के नागरिकों का हित और कल्याण सबसे ऊपर है। देश के नागरिक विशेष रूप से समाज के सबसे निचले तबके पर खड़े लोग हमारे अस्तित्व का मूल कारण हैं। मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए कहा कि आम लोगों को ध्यान में रखकर ही लोगों को बैंक खाता खोलने, फिर से केवाईसी करने और वित्तीय समावेश के दायरे में सभी को लाने के लिए पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आरबीआई में, भारत के नागरिकों का हित और कल्याण सर्वोपरि है। सबसे निचले पायदान पर खड़े लोगों के साथ भारत के लोग हमारे अस्तित्व का मूल कारण है।' मल्होत्रा ने कहा, ' इसी को ध्यान में रखकर हम नागिरकों के हित में कई कदम उठा रहे हैं...।'

## न्यूज अपडेट

### सोना 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 500 रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली :** स्टॉकिस्ट की तरफ से लगातार खरीदारी किए जाने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले बाजार सत्र में 98,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। मंगलवार को यह 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'बुधवार को सोने में मामूली सकारात्मक रुख रहा क्योंकि सुरक्षित निवेश की मांग आने से कीमती धातुओं में तेजी देखने को मिली।'

## सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने रक्षाबंधन पर पेश की गोल्ड, सिल्वर और डायमंड राखियां



**कोलकाता, समाज्ञा :** सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने रक्षाबंधन 2025 के लिए खास गोल्ड, सिल्वर और डायमंड राखियों की नई रेंज लॉन्च की है। कंपनी ने भाई-बहन के प्यार को खास बनाने के लिए 9 कैरेट डायमंड ज्वेलरी भी पेश की है, जिसकी कीमत 7000 से शुरू होती है। इस कलेक्शन में पारंपरिक के साथ-साथ स्पिरिचुअल राखियां भी शामिल हैं, जिनमें डमरू, रुद्राक्ष और त्रिशूल जैसे धार्मिक चिन्ह हैं। डायमंड राखियां 13,000 से शुरू हैं। साथ ही कंपनी ने 14 कैरेट और 18 कैरेट ज्वेलरी के कई गिफ्टिंग विकल्प भी पेश किए हैं। रक्षाबंधन के मौके पर सेंको कई ऑफर भी दे रहा है- डायमंड पर 20% तक की छूट, गोल्ड ज्वेलरी की मेकिंग पर 25% तक की छूट और पुराने सोने पर 0% डिडक्शन। 499 से शुरू होने वाले गिफ्ट्स भी उपलब्ध हैं। कंपनी के एमडी सुवंकर सेन ने कहा  रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का सबसे सुंदर उत्सव है और इसे खास बनाने के लिए हमने हर वर्ग के ग्राहकों के लिए कुछ न कुछ पेश किया है। 9 कैरेट डायमंड ज्वेलरी की शुरुआत ग्राहकों को किफायती कीमत पर डायमंड ज्वेलरी देने का हमारा प्रयास है। यह सरकार की 9 कैरेट हॉलमार्किंग पहल के अनुरूप है जो ज्वेलरी को सुलभ बनाने में मदद करती है। उन्होंने आगे कहा, हमने युवाओं के लिए फैशनेबल राखियों और गिफ्ट्स की रेंज तैयार की है, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह की डिजाइन शामिल हैं। इस बार हम 'क्राफ्टेड इन गोल्ड, रैप्ड इन लव' थीम के साथ भाई-बहन के रिश्ते की खूबसूरती को सेलिब्रेट कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ ज्वेलरी बेचना नहीं, बल्कि रिश्तों में प्यार और भावनाओं को जोड़ना है।

## मृतकों के खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाएगा आरबीआई

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक मृतकों के बैंक खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा। इस पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के नामांकित व्यक्तियों के पक्ष में दावों के निपटान की प्रक्रिया को सरल बनाना है। मल्होत्रा ने कहा कि इसके अलावा, केंद्रीय बैंक, आरबीआई 'रिटेल-डायरेक्ट' मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बना रहा है ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से ट्रेजरी बिल (सरकारी प्रतिभूति) में निवेश कर सकें। उन्होंने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा, 'हम मृतकों के बैंक खातों और लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान की प्रक्रिया को मानकीकृत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। इससे निपटान अधिक सुविधाजनक और सुगम होने की उम्मीद है।' बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत, जमा खातों, लॉकर में रखी वस्तुओं के संबंध में 'नॉमिनी' की सुविधा उपलब्ध है। आरबीआई के विकासात्मक और नियामक नीतियों पर बयान के अनुसार, इसका उद्देश्य ग्राहक की मृत्यु होने पर दावों का शीघ्र निपटान या वस्तुओं की वापसी या सुरक्षित जमा लॉकर की सामग्री को वापस दिलाना तथा परिवार के सदस्यों को होने वाली कठिनाई को कम करना है।

## व्हाट्सएप का नया सुरक्षा फीचर, अनजान ग्रुप में जोड़ने पर करेगा आगाह

**नयी दिल्ली :** त्वरित संदेश मंच व्हाट्सएप ने एक नया 'सेफ्टी ओवरव्यू' फीचर पेश किया है, जो उपयोगकर्ताओं को उन ग्रुप के बारे में सतर्क करेगा जिनमें उन्हें किसी अनजान व्यक्ति ने जोड़ा है। व्हाट्सएप ने एक बयान में कहा कि इस टूल के जरिये उपयोगकर्ता को संबंधित ग्रुप के बारे में अहम जानकारी और सुरक्षित बने रहने से जुड़े सुझाव भी मिलेंगे। बयान के मुताबिक, यदि उपयोगकर्ता चाहे तो वह अलर्ट मिलने के बाद उस ग्रुप को देखे बिना ही उससे अलग हो सकता है। इसके अलावा उपयोगकर्ता उस ग्रुप में बने रहने की जब तक खुद पुष्टि नहीं करेगा, उस ग्रुप को भी 'म्यूट' रखा जाएगा। इसके साथ ही व्हाट्सएप ने कहा कि वह उन मामलों में भी चेतावनी देने के उपाय खोज रहा है जब कोई उपयोगकर्ता अपनी संपर्क सूची से बाहर के किसी व्यक्ति के साथ बातचीत शुरू करता है। इसमें संबंधित व्यक्ति के बारे में अधिक संदर्भ भी दिखाने की तैयारी है। फर्जीवाड़े पर रोक की कोशिशों के तहत कंपनी ने बताया कि साल 2025 के पहले छह महीनों में 68 लाख से अधिक खातों पर रोक लगाई गई, जो दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित आपराधिक गिरोहों द्वारा चलाए जा रहे फर्जीवाड़ा केंद्रों से जुड़े थे। कंपनी ने बताया कि हाल ही में व्हाट्सएप, मेटा और ओपनएआई ने मिलकर कंबोडिया स्थित एक फर्जीवाड़े वाले नेटवर्क को निष्क्रिय किया है।

## बिकवाली के बीच स्थिर रेपो दर से बाजार को मिला सहारा, सेंसेक्स 166 अंक फिसला

**मुंबई :** द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह पाई और बीएसई सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से लगातार दूसरे दिन बाजार नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 261.43 अंक तक गिर गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 शेयरों में 18 नुकसान में रहे जबकि 12 शेयरों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 110.35 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मास्युटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईटीसी और एलएंडटी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3320 अंक 130, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in